जयपुर में रविवार को 31 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 23 नए मरीज सांगानेर में पाए गए हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 12, जगतपुरा में 8, झोटवाड़ा में 6, दुर्गापुरा व मालवीय नगर में 5-5, महेश नगर में 3, बस्सी, रामगंज, त्रिवेणी नगर व विद्याधर नगर में 2-2 तथा आदर्श नगर, आमेर, बापू नगर, बरकत नगर, भांकरोटा, चांदपोल, दूदू, गंगापोल, जवाहर नगर, जौहरी बाजार, कालवाड़ रोड, एमडी रोड, मुरलीपुरा, प्रताप नगर, पुरानी बस्ती, शास्त्री नगर, सिरसी रोड, अजमेर रोड और आमेर रोड इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 9 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले में 123 रोगी ठीक हुए हैं।

# मोदी के कार्यकाल में विधायकों की मंडी लगा दी गई : जीतू पटवारी

- 'अगर महंगाई इसी रफ्तार से चली तो भारत के हालात भी श्रीलंका जैसे हो सकते हैं'

**जयपुर, (का.प्र.)।** मध्यप्रदेश के पूर्वमंत्री जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री हमारा है, देश हमारा है लेकिन दुख की बात यह है कि सबसे झूठा प्रधानमंत्री भी हमारा ही है। वहीं महंगाई को लेकर कहा कि अगर महंगाई इसी रफ्तार से चली तो भारत के हालात भी श्रीलंका जैसे हो सकते हैं। इसके बावजूद बीजेपी के अंधे लोगों को महंगाई नही दिख रही है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए पटवारी ने कहा कि मोदी उस समय कहते थे कि अटल बिहारी वाजपेयी ने जहां महंगाई छोड़ी वहां ले आओ, तो अब हमारा सवाल है कि मनमोहन सिंह के समय महंगाई जहां थी प्रधानमंत्री उसे वहां तक तो लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि कांग्रेस आज महंगाई को लेकर आम जनता की आवाज उठा रही है। अब इसी मिशन के साथ 4 सितंबर को दिल्ली में एक बड़ी रैली करने जा रही है।

जीतू पटवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के रहते इस देश में विधायकों की मंडी क्यों लग गई? आदिकाल में गुलाम खरीदे और बेचे जाते थे, उसी तरह विधायकों की मंडी लगा दी। आदिकाल में इंसान खरीदे बेचे जाते थे, बाद में सभ्य समाज में इंसानों की खरीद बिक्री पर रोक लगानी पड़ी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजती है, विधायक और सांसद इसलिए चुने जाते हैं कि वे श्रेष्ठ होते हैं।

## डॉ. पूनिया 31 को करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की कोविड रिपोर्ट सोमवार को नेगेटिव आई। इसके बाद अब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां 31 अगस्त को जनसुनवाई करेंगे। जिसमें प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात करेंगे। डॉ. सतीश पूनियां 31 अगस्त को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जयपुर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर जनसुनवाई करेंगे तथा साथ ही प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से जनसंवाद केन्द्र पर मुलाक़ात कर उनका अभिनंदन करेंगे। डॉ. पूनियां 31 अगस्त को दोपहर 3:15 बजे आमेर के घाटी दरवाज़े पर गणेश चतुर्थी पूजा अर्चना करेंगे। गौरतलब हैं कि, डॉ. पूनियां पिछले दिनों कोविड पॉजिटिव होने के कारण चिकित्सकों के परामर्श से स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दोनों कोविडकाल में डॉ. पूनियां सेवा कार्य करते हुए दोनों बार कोरोना पॉजिटिव हो गये थे।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# 'अभी जो हालत है उसमें पायलट को सीएम बनाना चाहिए, यह सबकी भावना है'

## अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी बैरवा बोले, "आज का युवा, उनकी जाति हण्ड्रेड पर्सेंट उसके साथ है"

- सोनिया गांधी ने कहा था कि पार्टी ने जिन नेताओं को बहुत कुछ दिया है, अब लौटाने का वक्त है, राजस्थान में अभी तक ऐसी स्थिति नहीं दिखी कि जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया वे लौटाना चाहते हैं
- बैरवा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनभावना का आदर नहीं करके मनमानी की गई, तो पार्टी को नुकसान होगा

**जयपुर, (का.प्र.)।** लंबे समय से राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते रहे अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा ने अब खुलकर सचिन पायलट को जन भावनाओं के अनुरूप मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए कह दिया है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी को बड़ा नुकसान होगा। बैरवा ने कहा कि सचिन पायलट को मानेसर जाने के बाद वादों के साथ वापस लाया गया था, अभी जो हालत है उसमें सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए, यह सबकी भावना है। मैं भी उसी भावना की बात कर रहा हूं। बैरवा ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस जनभावना का आदर नहीं करके मनमानी की गई तो पार्टी को नुकसान होगा।

बैरवा ने राजस्थान में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर कहा कि बदलाव तो होते रहना चाहिए। आलाकमान तय करता है, चर्चा जोरों पर है, सब लोगों को विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने थे, सचिन पायलट डिप्टी सीएम थे। बीच में पायलट मानेसर गए, पार्टी में पायलट को वादों के साथ वापस लाए। अभी जो हालत चल रही है, उसमें सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाते हैं तो क्या दिक्कत है? आज का युवा, उनकी जाति हण्ड्रेड पर्सेंट उसके साथ है। आज जितना सोशल मीडिया है, लोगों की आवाज है उन सबमें मिलाकर यही भावना आती है। मै। भी उसी भावना के बारे में बता रहा हूं। एससी आयोग का अध्यक्ष होने के नाते भावनाओं को बता रहा हूं। जनता की भावनाओं के अनुसार काम करेंगे तो फायदा होगा और अपनी मनमानी करेंगे तो नुकसान होगा। बैरवा ने कहा कि अशोक गहलोत पुराने नेता हैं, 40 साल से राजनीति कर रहे हैं, बड़े पदों पर रहे हैं। आज जो हालत हैं उसमें बदलाव की बात हो रही है तो गहलोत खुद इतने बड़े नेता हैं, उन्हें खुद सैकंड लाइन को तैयार करके आगे भेजना चाहिए। हम मीडिया के माध्यम से सुन रहे हैं, गहलोत को सम्मान के हिसाब से अध्यक्ष बनने की बात आ रही है तो उन्हें बनना चाहिए। बड़ा पद है। आज जो हालत है उसमें कोई एक व नेता सत्ता लाने में सक्षम नहीं है। मेरी राय हे कि विभिन्न जातियों के लोग जिनमें गुर्जर, मीणा, एससी, ब्राह्मण, जाट, राजपूत में से एक एक नेता को आगे लाकर फ्रंट लाइन तैयार करनी चाहिए। इनमें से एक सीएम, दो डिप्टी सीएम, चार को कमेटियों में मेंबर, एक पीसीसी चीफ इस तरह कॉम्बिनेशन बैठाकर काम करेंगे तो कांग्रेस को सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता।

बैरवा ने कहा कि चिंतन शिविर हुआ उसमें सोनिया गांधी ने रुखे शब्दों में कहा था कि पार्टी ने जिन नेताओं को बहुत कुछ दिया है, अब आपको लौटाने का वक्त है। राजस्थान में अभी तक ऐसी स्थिति नहीं दिखी कि जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया वे लौटाना चाहते हैं। जो चीज अध्यक्ष ने मांगी थी उस पर तत्काल फैसला होना चाहिए था। गांधी परिवार का त्याग बेमिसाल है, आज उसके ही खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। इस परिवार का त्याग बलिदान ऐसा है कि उनका फैसला मंजूर करना चाहिए। इसी के साथ बैरवा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जब राहुल गांधी ने कह दिया कि गांधी परिवार से बाहर से अध्यक्ष बनना चाहिए तो उनकी इच्छा का सम्मान करना चाहिए। इसकी जगह फैसला बदलने के लिए दबाव बनाना उचित नहीं है।


**आम सूचना** सूचित रहे कि मेरी अभिभाष्या मिनी मुमताज पत्नी रियाज कुरेशी पुत्री अनवर कुरेशी उर्फ गुल्लु कुरेशी, पता-90-बी, अलीमन मंजिल, मानबाग, जयपुर की है उनके प्लाट नम्बर 117, गुलाब विहार, सांगानेर रोड, रामदास अग्रवाल फार्म हाउस के पास वाली गली, जयपुर एवं प्लाट नम्बर 90बी, अलीमन मंजिल, मानबाग, जयपुर स्वामित्व के है। उक्त सम्पत्ति बाबत कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि उपरोक्त सम्पत्ति बाबत किसी भी प्रकार का कोई हस्तान्तरण, ज्वाईन्टवेंचर नहीं करें, अन्यथा समस्त जिम्मेदार उक्त व्यक्ति संस्था इत्यादि की होगी। सूचित रहे।
(मोहम्मद आसिफ) एडवोकेट, मो. 7568236056

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जपुर महानगर (द्वितीय)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 105/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी महेश कुमार दोराता पुत्र श्री देवालाल दोराता, उम्र 53 साल, निवासी मकान नं. 2721, बगरू वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर (राज.)। हाल निवासी बी-124, एल.एस. नगर, नया खेड़ा, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.)। विवाद स्थान मकान नं. 2721, बगरू वालो का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर (राज.)।
मृतक श्रीमती कमला देवी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक-
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, श्रीमती कमला देवी अपने पति श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर, निवासी-मकान नं. 2721, बगरू वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 09 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 21 माह 07 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
मोहर अदालत
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

**खोया पाया**
नीरज कुमार पुत्र श्री सुभाष चंद निवासी ई-80, रामनगर विस्तार, सोडाला, जयपुर के आईसीआईसीआई बैंक की चैकबुक जिसमें हस्ताक्षरशुदा चैक सं. 131801, 131803, 131807, 131808, 131809 एवं शेष खाली हैं जो 20.07.2022 को सांगानेर से मालपुरा गेट के मध्य कहीं गिर गये। मिले तो सूचित करें। मो-7976871452

पंजाब नैशनल बैंक pnb punjab national bank
अंचल कार्यालय, 2 नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर (राज.)-302015
Email: zojprsec@pnb.co.in Tel: 0141-2744731
**निविदा सूचना**
पंजाब नैशनल बैंक पात्र बोलीदाताओं से "अंचल कार्यालय भवन, 2 नेहरू प्लेस, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान)-302015" में संस्थापित सहायक उपकरणों सहित फायर अलार्म, फायर डिटेक्शन, फायर पम्प, फायर हाइड्रेन्ट एवं फायर स्प्रिंकलर सिस्टम के परिचालन व रखरखाव/परीक्षण तथा 24x7 घंटों के लिये जन-प्रबंधन की व्यवस्था के लिए "वार्षिक अनुबंध (non-comprehensive)" हेतु (तकनीकी और वाणिज्यिक दोनों) ऑनलाइन बिड आमंत्रित करता हैं।
इच्छुक बोलीदाता विस्तृत निवेदन प्रस्ताव दस्तावेज हमारी ई-प्रोक्योरमेंट वैबसाइट https://etender.pnbnet.in/login से डाऊनलोड कर सकते हैं। बिड को हमारे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से डिजिटल प्रमाणपत्र (हस्ताक्षर और कूट लेखन दोनों) का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन जमा कराना अनिवार्य है। ऑनलाइन बिड तैयार करने और हैश जमा करने की अंतिम तिथि 15/09/2022 को 14:00 बजे तक है। कोई भी शुद्धिपत्र / स्पष्टीकरण / तिथि का विस्तार हमारी वेबसाइट https://etender.pnbnet.in/login पर ही प्रकाशित किया जाएगा, जिसे नियमित रूप से देखा जा सकता है।
मुख्य प्रबंधक

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची
संख्यांक 4 DP-690/16.8.22
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1 स्थान हिण्डौन सिटी
लोकेश कुमार विरूद्ध भंवरी देवी
वाद/प्रार्थना पत्र धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम
प्रार्थना-पत्र संख्या 116/2020 सन्
नाम भंवरी देवी बेवा लक्ष्मण पत्नि लोकेश कुमार जाति बांगडी पता निवासी 202 कच्ची बस्ती गिरधारी पुरा हरीपुरा जयपुर मो. 9898528068, 8889098068 उक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 19 माह 09 सन् 2022 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 17 माह 08 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से सीनियर रीडर
मुहर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश सं.-1, हिण्डौन न्यायालय

**नाम परिवर्तन**
मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम व जन्मतिथि गलती से शिवा मूरत सिंह व 01 जुलाई 1939 है। भविष्य में शिवमूरत सिंह व जन्मतिथि 01 जनवरी 1940 से जाना जाये। आमी नं. 14832415ए, रैंक सिपाही नाम विपिन कुमार सिंह, युनिट 827 (आई) TPT PLASC निवासी ग्राम सिसौडा, पोस्ट, सौरम, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश पिन. 233302

मेरे सैन्य रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम व जन्मतिथि गलती से शुभवन्ती देवी व 01 जुलाई 1945 है। भविष्य में सुभावती देवी व जन्मतिथि 16 जून 1956 से जाना जाये। आमी नं. 14832415ए, रैंक सिपाही नाम विपिन कुमार सिंह, युनिट 827 (आई) TPT PLASC निवासी ग्राम सिसौडा, पोस्ट, सौरम, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश पिन. 233302

I, Army No. 15338771K Hav. Pramod Kumar Singh S/o Ram Nagina Singh R/o Vill-Jigani, Po-Manihari, Teh.-Bhabua, Dist-Kaimur, Bihar. In Service Record my wife's name Archana Singh is worngly recorded, Correct Name Archana Kumari Singh.

I Boduram Gurjar S/o Maliram Gurjar R/o Dhani Raidan, Pipalod Narayan, Peeplod Narain, Post-Devipura, Teh-Shahpura, Jaipur, Rajasthan-303103 have changed my name to Bhavesh Gurjar.

I RaKesh Agarwal S/o Kunj Bihari Agarwal residing at 75 Jhalanio Ka Rasta, Kishanpole Bazar, Jaipur, (Raj.) 302001 Do herby solemnly affirm and state that I have changed my name from Rakesh Kumar Agarwal to Rakesh Agarwal in future I will be known and called by my changeed name.
Date: 29.8.22 DEPONENT

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 5/2022
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
नाम प्रार्थी श्रीमती राधा देवी पारवानी पत्नि स्व. श्री कन्हैयालाल पारवानी जाति सिंधी विवाद स्थान सफारी इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) लिमिटेड के 1000 शेयर्स
मृतक स्व. श्री कन्हैयालाल पारवानी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 07.09.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. कन्हैयालाल पारवानी पुत्र श्री नारूमल पारवानी जाति सिंधी निवासी प्लाट नं. 1/951, मालवीय नगर, जयपुर राजस्थान का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 07 माह 09 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 23 माह 08 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जपुर महानगर प्रथम न्यायालय सांगानेर

# शिक्षकों की लेटलतीफी से परेशान ग्रामीणों ने स्कूल पर ताला जड़ा

## स्कूल में शिक्षकों पर शराब पीने का भी आरोप लगाया

**चाकसू, (निसं)।** स्कूल में शिक्षकों की रोज-रोज लेटलतीफी की आदत से परेशान होकर आखिर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट ही गया तथा उन्होंने स्कूल के मुख्य द्वार के ताला जड़ दिया।

मामला उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत कोटखावदा तहसील की ग्राम पंचायत बडोदिया के ग्राम खेडा जगन्नाथपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का है जहां समय पर शिक्षकों के विद्यालय में नहीं आने एवं पास के कुएं में खाली शराब की बोतलें मिलने से गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल के मेन गेट पर ताला जड़ दिया तथा धरना प्रदर्शन करने लगे। इसके साथ ही स्कूल में बच्चों के साथ अध्यापकों को भी अंदर नहीं जाने दिया। इस पर शिक्षकों ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वह अब समय से स्कूल में आएंगे तब जाकर ग्रामीणों ने ताला खोला। ग्रमीणों का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक समय पर नहींआते है इस पर उन्होंने विद्यालय स्टाफ को खरी खोटी बातें सुनाई। अध्यापकों पर शराब पीने का आरोप लगाते हुए बताया कि स्कूल के पास में कुएं में शराब की खाली बोतल पड़ी हुई हैं, शिक्षा का स्तर भी कमजोर है। आठवीं कक्षा के बच्चे को किताब पढ़ना नहीं आता। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा विभाग भी बडी लापरवाही बरत रहा है। समय-समय पर ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण भी नहीं करते हैं और दफ्तर में बैठकर कागजी खानापूर्ति करते हैं।




चाकसू उपखंड के खेड़ा जगन्नाथपुर में ग्रामीणों ने स्कूल के मेन गेट पर ताला जड़ प्रदर्शन किया।

- **ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा का स्तर भी कमजोर है, आठवीं कक्षा के बच्चे को किताब पढ़ना नहीं आता**

मामले में चाकसू अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार तंवर ने बताया कि खेडा जगन्नाथपुरा स्कूल कोटखावदा ब्लॉक के अंतर्गत आता है फिर भी सूचना पर ग्राम पंचायत बडोदिया पीओ शंकर लाल शर्मा को अध्यापकों को स्कूल में समय पर आने के लिए पाबंद करते हुए मामले में संपूर्ण जांच के निर्देश देते हुए ग्रामीणों को समझाइश करके स्कूल खुलवा दिया है।

# मालपुरा क्षेत्र में 2500 गोवंश लम्पी संक्रमण का शिकार

## 230 संक्रमित गायों की हुई मौत, उपखण्ड प्रशासन ने झोंकी ताकत

**मालपुरा, (निसं)।** गौवंश में तीव्र गति से फैल रहे लम्पी संक्रमण का प्रकोप मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे तीव्र गति से फैल रहा है। संक्रमण की रोकथाम को लेकर जहां उपखण्ड प्रशासन व पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी क्षेत्र में जी तोड़ मेहनत कर रहे है। इन सबके बावजूद क्षेत्र के बागडी, देवल, नगर सहित लाम्बाहरिसिंह बैल्ट में लम्पी संक्रमण के बढ़ते प्रकोप व वायरस की चपेट में आने से सर्वाधिक गौवंश की मौत का आंकड़ा सामने आया है।

पशु चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायतों में किये गये सर्वे के आंकडों में कुल 2500 गौवंश लंपी संक्रमण की चपेट में आना पाया गया। जिनमे सर्वाधिक प्रभाव लाम्बाहरिसिंह, पचवेर बैल्ट में देखा गया। लम्पी संक्रमण से सर्वाधिक मौत आंकड़ों में 16, आंटोली में 16, मोरला व पचेवर में 12-12, गणवर व मलिकपुर में 11-11, कांटोली में 16 सहित कुल सभी ग्राम पंचायतों में 29 अगस्त तक 230 संक्रमित गौवंश की मौत होने के बाद पंचायत प्रशासन ने मृत गायों को जमीन में दफनाया गया। नोडल प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने बताया कि संक्रमण की रोकथाम को लेकर सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत पशुधन सहायकों को मुस्तैद रहकर संक्रमित पशुओं को चिन्हित कर क्वारटांईन करने व उपचार करने के निर्देश दिये है।

- **बागडी, देवल, नगर बैल्ट में तीव्र गति से बढ़ते संक्रमण से सर्वाधिक मौतें**
- **कई पशुपालकों को मजबूरन बाजार से दवा खरीदने पर विवश होने की जानकारी भी सामने आई है**

अब तक कुल संक्रमित पाई गई गायों के किये गये उपचार से 1980 गायों का समुचित उपचार किया जा रहा है तो 305 संक्रमित पशु संक्रमण से मुक्त किये जाने मे सफलता मिली है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी मे सामने आया कि मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र मे टोंक जिले में सर्वाधिक लम्पी संक्रमण का प्रभाव होने के बावजूद विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुरूप उपचार कीट व दवाइयां नहीं मिलने से पशुधन सहायकों व चिकित्सकों के सामने धीरे-धीरे विकट समस्या आने लगी है।

कई पशुपालकों को मजबूरन बाजार से दवा खरीदने पर विवश होने की जानकारी भी सामने आई है। एक ओर जहां गौवंश में संक्रमण तीव्र गति से बढ़ने के बावजूद राजस्थान पशु चिकित्सा संघ के बैनर तले कार्मिकों की ओर से उनकी लम्बित मांगे पूर्ण नहीं होने पर सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी जा रही है वहीं क्षेत्र के पशुपालकों में उन कार्मिकों के प्रति भारी आक्रोश देखा गया।

# टेक्निकल असिस्टेंट परीक्षा नकल मामले में सात गिरफ्तार

## बीकानेर के तीन आरोपियों से चल रही पूछताछ

**बीकानेर, (निसं)।** विद्युत निगम की टेक्निकल असिस्टेंट की ऑनलाइन परीक्षा में नकल करवाने के मामले में बीकानेर के तीन लोगों से एटीएस की पूछताछ जारी है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों से अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर तीन लाख रुपए और दो लैपटॉप बरामद किए गए हैं।

ऑन लाइन परीक्षा में नकल के मामले को लेकर एटीएस-एसओजी की छानबीन दूसरे दिन भी जारी रही। बीकानेर में नापासर रोड पर एक प्राइवेट कॉलेज सेंटर पर परीक्षा हुई थी। इस मामले में तीन लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है। अलवर से तीन लाख रुपए और लैपटॉप बरामद हुआ है। इस संबंध में कैंडिडेट और एग्जाम कॉआर्डिनेटर से भी पूछताछ की गई है। एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की टेक्निकल असिस्टेंट की परीक्षा में ऑन लाइन नकल कराने के लिए कुछ हैकर्स ने प्रदेश में कई स्थानों पर डील की थी। कंप्यूटर हैक करके नकल कराई जानी थी। नकल कराने के लिए प्रति कैंडिडेट छह लाख रुपए में डील हुई थी। मामले में अशोक राठौड़, एसओजी एडीजी का कहना है कि जयपुर, बीकानेर, अजमेर, अलवर, कोटा समेत कई शहरों में नकल गिरोह सक्रिय था। एक टीम बनाकर कई लोगों को हिरासत में लिया गया, आगे की पड़ताल कर रहे है।

- **एटीएस-एसओजी की छानबीन दूसरे दिन भी जारी रही**

## मोबाइल और नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं.)।** जिले के बाघपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाश बाइक सवार को रोक उनके कब्जे से मोबाईल व नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सवेरे जगनाथपुररा रोड़ पर रविवार सवेरे बाइक सवार दो बदमाश बाइक सवार वाघपुरा थाना क्षेत्र दमाणा गांव निवासी ईयवरलाल पुत्र शांतिलाल खोखरिया तथा अनिल पुत्र अम्बालाल खोखरिया को रोक धमका कर तीन मोबाईल तथा 7 हजार रूपये नकदी लूट ले गए।

ईश्वर व अनिल दोनों डीजी के बकाया किराया देने के लिए रूपये लेकर गांव से उदयपुर की तरफ आ रहे थे। जहां बीच रास्ते मिले बदमाश वारदात कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई औकारसिंह कर रहे है।

# बाड़मेर में द वीआईपी एक्सप्रेस रेल कोच रेस्टोरेंट का डीआरएम ने किया उद्घाटन

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के बाड़मेर रेलवे स्टेशन को रेल कोच रेस्टोरेंट की सौगात मिल गई है। जोन के पहले रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन सोमवार को जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर किया। रेलवे का गैर यात्री भाड़ा आय बढ़ाने के उद्देश्य से यह एक नवाचार है और इसका अन्य स्टेशनों पर योजनाबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा।

बाड़मेर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नव स्थापित द वीआईपी एक्सप्रेस रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन करने के बाद डीआरएम पांडेय ने कहा कि खड़े रेल डिब्बे में पूरे परिवार के साथ बैठकर चलती ट्रेन में खाने के अनुभव का लुत्फ देने वाला रेल कोच रेस्टोरेंट भारतीय रेल का एक नवाचार है जिससे रेलवे की गैर यात्री भाड़ा आय में वृद्धि तो होगी ही अपितु इससे रेल यात्रियों के साथ-साथ आम शहरवासियों को भी सुखद अनुभूति होगी क्योंकि इस रेल कोच में प्रवेश के लिए उनके लिए टिकट की अनिवार्यता भी नही है।

उन्होंने बताया कि रेलवे की इस नीति के तहत देश के कई बड़े स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट थीम पर कार्यारम्भ किया गया जिसके अच्छे नतीजे मिलने पर इसका अन्य जगहों पर भी विस्तार किया जा रहा है। रेल कोच रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद डीआरएम ने कोच रेस्टोरेंट का अवलोकन किया और सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने रेस्टोरेंट के भीतर की गई सजावट और हेरिटेज लुक की प्रशंसा की। चंद्रा देवी लूणिया व सीमा ने डीआरएम का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इससे पूर्व डीआरएम और उनके साथ बाड़मेर पहुंचे सीनियर डीसीएम जितेंद्र मीणा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजीत मीणा, वरिष्ठ मंडल अभियंता(वेस्ट) योगेश कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) अनुराग मीणा, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर विजय सिंह चौधरी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर रवि मीणा, मंडल संरक्षा अधिकारी शिखर बी मारू,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज) संजय शर्मा व वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सिग्नल एंड टेलीकॉम) सुनील कुमार गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित थे।

- **गैर यात्री भाड़ा आय में वृद्धि का रेलवे का नवाचार**
- **रेल यात्रियों के साथ शहरवासी भी ले सकेंगे लुत्फ**

# लॉरेंस गैग के दो सदस्य गिरफ्तार, एक फरार

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर जिले की ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को चार पिस्टल और दस मैगजीन के साथ दो हथियार तसकरों को पकड़ा है। आरंभिक पड़ताल में मालूम हुआ कि हथियार पंजाब से लाए गए है। फिलहाल पुलिस इसकी तस्दीक में जुटी है। एक आरोपी मूंगफली फसल की आड़ में भाग गया। पकड़े गए आरोपी लारेंस गैंग के सदस्य है। जिनके खिलाफ काफी प्रकरण दर्ज है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया कि पुलिस थाना लोहावट में हथियार तस्करों से अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे 4 पिस्टल व 10 मैगजीन सहित 2 मुलजिमानों पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को शहीद बीरबल खीचड़ की ढाणी सरहद मूलराज लोहावट में दबिश दी गई। थानाधिकारी मय जाब्ता को बावर्दी देखकर उनके कब्जे में रखा कट्टे को वही पटक कर 3 युवक भागने लगें जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए इन मुलजिमानों का खेतों में पीछा किया गया। जिस पर दो व्यक्तियो को पकड़ कर मौके पर छोडकर भागे कट्टे सहित दस्तयाब किया। तीसरे व्यक्ति का पुलिस टीम द्वारा पीछा किया लेकिन भागने वाला व्यक्ति मूगफली के खेतो मे होकर आखों से ओझल होकर फरार हो गया।

- **चार पिस्टल और दस मैगजीन बरामद**

अब आरोपी कैलाश विश्नोई निवासी शहीद बीरबल खीचड की ढाणी सरहद मूलराज पुलिस थाना लोहावट व आरजू विश्नोई निवासी राजावली पुलिस थाना भाववाला अबहोर जिला फाजिल्का पंजाब को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से 4 पिस्टल व 10 मैगजीन सहित बरामद कर व फरार होने वाले मुल्जिम सुरेश विश्नोई खीचड की तलाश की जा रही है।

## यूपी पुलिस के कांस्टेबल की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** बाबू महाराज के मेले में जात करने के लिए धौलपुर आए उत्तर प्रदेश के एक कांस्टेबल को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे वह अचेत हो गया। जिसे लेकर परिजन जिला अस्पताल धौलपुर लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में विष्णु (31) पुत्र टीकम निवासी बीरई जिला आगरा की मृत्यु हुई है, जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल था। मृतक के परिजनों ने बताया कि कॉन्स्टेबल के शरीर पर सफेद दाग थे। जिस कारण परिजन धौलपुर जिले के बाड़ी क्षेत्र के कूदिन्ना गांव स्थित बाबू महाराज के धाम पर कांस्टेबल को लेकर आए थे। जहां सोमवार सुबह उसे छाती के पास किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजन उसके शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही अस्पताल से घर ले गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक विष्णु की ड्यूटी लखनऊ में चल रही थी। जहां से 2 दिन पहले ही वह बाबू महाराज की जात करने के लिए धौलपुर आया था।

# हैदराबाद के श्रद्धालुओं ने भेंट किया एक किलो चांदी का छत्र

## भादवा के महिने में बाबा रामदेव के दर्शनों के लिए हैदराबाद से लगातार आ रहे श्रद्धालु

**नागौर, (निसं)।** भादवा के महीने में बाबा रामदेव के दर्शनों के निमित्त रामदेवरा जाने वाले यात्री, प्रवासी हैदराबाद के निवासी लगातार नागौर आ रहे हैं। रामदेवरा स्थित बाबा रामदेव के दर्शनों के पश्चात हैदराबाद से आने वाले माली समाज के श्रद्धालु बंधुओं द्वारा संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज की समाधि, अमरपुरा में भी दर्शनों के निमित्त आने का क्रम लगातार जारी है।

नागौर के मूल निवासी व वर्तमान में सिकन्दराबाद व हैदराबाद में व्यवसायिक क्षेत्र में लगे हुए बंधुओं द्वारा अमरपुरा में देव मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया। देव मंदिर में दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज के समाधि पर भी धोक लगाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा अमरपुरा स्थित समाधि स्थल पर एक किलो से अधिक चांदी का छत्र भी समर्पित किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र देवडा, अजय भाटी, रामकुमार, पुरुषोत्तम मारोठिया, मुरली मनोहर सोलंकी व मनीराम सोलंकी सहित अनेक बंधु उपस्थित थे।

- **नागौर जिले के मूल निवासी हैं चांदी का छत्र चढ़ाने वाले**

नागौर से संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, पापालाल सोलंकी व रामदयाल भाटी ने सभी श्रद्धालु बंधुओं को परिसर का अवलोकन करवाया तथा उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि संस्थान द्वारा वर्तमान में स्थान परिसर के समीप ही 16 बीघा भूमि का क्रय आगामी विभिन्न योजनाएं व आवासीय व्यवस्था के प्रयोजन के निमित्त किया गया है। कोषाध्यक्ष ने अमरपुरा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों व धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के निमित्त श्रद्धालु बंधुओं से सक्रिय सहयोग करने का निवेदन किया।



श्रद्धालुओं ने अमरपुरा स्थित समाधि स्थल पर एक किलो से अधिक चांदी का छत्र समर्पित किया।

# कन्या महाविद्यालय को करोड़ों की भूमि दान करने वाले भामाशाह का यह कैसा सम्मान?

## प्रशासन बोला कि लिखकर दो कि भूमि दान करने के लिए मेरा सम्मान करो

**चूरू, (कासं)।** चूरू जिले के सुजानगढ़ में कन्या महाविद्यालय हेतु करोड़ों रुपए की 8 बीघा भूमि दान करने वाले भामाशाह पवन तोदी को सम्मानित करने के बजाय प्रशासन ने उनके हृदय को यह कहकर गहरी ठेस पहुंचाई है कि जिला स्तर पर सम्मानित होना है तो अर्जी लिखकर दो कि भूमि दान करने के लिए मेरा सम्मान करो।

उल्लेखनीय है कि सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने मास्टर भंवर लाल मेघवाल कन्या महाविद्यालय सुजानगढ़ के लिए करोड़ों रुपए की भूमि दान करने पर भामाशाह पवन तोदी को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला स्तर पर सम्मानित करने की चूरू कलेक्टर से अभिशंषा की थी। इस पर सुजानगढ़ उपखंड अधिकारी ने भामाशाह पवन तोदी से कहा कि सम्मानित होना है तो खुद लिखकर दो कि भूमि दान करने के लिए मेरा सम्मान किया जावे। इस पर भामाशाह पवन तोदी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा सम्मान नहीं चाहिए। तोदी ने कहा कि कन्या महाविद्यालय में पढ़ने वाली बेटियां ही उनका सम्मान हैं। पवन तोदी ने चूरू जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अब तक सबसे ज्यादा 8 बीघा भूमि दान की है। इसके अलावा कलेंडर मैन के नाम से चर्चित अनूठी



भामाशाह पवन तोदी।

प्रतिभा के धनी पवन तोदी ने कोरोनाकाल में चूरू कलेक्टर के बुलावे पर चूरू जाकर 51 हजार रुपए खुद और 5 लाख रुपए ट्रस्ट से तुरंत जारी किए। इतना ही नहीं कोरोना काल में भामाशाह पवन तोदी ने जरूरतमंद लोगों को घर घर राहत सामग्री पहुंचाई। कोरोना महायोद्धा के रूप में कार्य करते हुए खुद भी पॉजिटिव हो गए।

- **सुजानगढ़ विधायक ने की थी भामाशाह पवन तोदी को जिला स्तर पर सम्मानित करने अभिशंषा**
- **भामाशाह पवन तोदी बोले कि नहीं चाहिए ऐसा सम्मान**

कोरोना को हराकर पुन: जरूरमंदों की सेवा में जुट गए। इस दौरान तोदी द्वारा प्रशासन का भी भरपूर सहयोग किया गया।

भामाशाह पवन तोदी शिविर लगाकर समाज सेवा के विभिन्न कार्य करने में हमेशा आगे रहते हैं। पुलिस विभाग को कंप्यूटर, फर्नीचर आदि सामग्री भेंट करने के अलावा थाने में प्याऊ खोलना और इंदिरा रसोई में विशेष सहयोग किया है। पवन तोदी आज भी सिनेमाघर को जीवित रखे हुए हैं। सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा कीए तोदी के सेवा कार्य लगातार जारी रहते आए हैं। तोदी महात्मा गांधी की भूमिका निभाते हैं। इनका तो सरकार द्वारा राज्य स्तर अभिनंदन किया जाना चाहिए था। जबकि किया नहीं उप खंड स्तर पर भी। इस बात की चारों ओर निंदा होने पर कलेक्टर ने मेल करके उप खंड कार्यालय में भामाशाह पवन तोदी को अभिनंदन पत्र भेज दिया। तोदी ने वह अभिनंदन पत्र कलेक्टर को वापस भेज दिया है। कुल मिलाकर चूरू जिले की इस घटना ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किए जाने की सरकार की बातों को खोखला साबित कर दिया है।

चर्चा है कि करोड़ों रुपए की जमीन मास्टर भंवर लाल मेघवाल कन्या महाविद्यालय सुजानगढ़ के लिए दान करने वाले भामाशाह पवन तोदी को सम्मानित नहीं किया जाना एक साजिश है। इससे प्रशासन की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आई है।

तोदी ने कहा कि वे कलेक्टर को प्रशस्ति पत्र वापस भेज रहे हैं। अब देखना यह है कि शिक्षक दिवस पर शिक्षा के लिए योगदान प्रदान करने वाले भामाशाहों को राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री के द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। इस सम्मान के लिए तोदी चयनित होते हैं या नहीं। विधायक मनोज मेघवाल एवं प्रशासन को तोदी के योगदान की जानकारी है तो फिर उन्हें हर बार अनदेखा क्यों किया जाता है।

## हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**बयाना, (निसं)।** बयाना पुलिस वृत्त के गढ़ी बाजना थाना इलाके में सोमवार दोपहर बाद एक अनियंत्रित बाइक दीवार से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों मृतक उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के रहने वाले थे। डीएसपी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले मान सिंह पुत्र लंबे ठाकुर उसका पुत्र चंद्रपाल और गांव का ही हरवंश तीनों सोमवार को गांव से एक बाइक पर सवार होकर धौलपुर जिले के बाड़ी इलाके में लोक देवता बाबू महाराज के मेले में जा देने गए थे जहां से दोपहर बाद तीनों वापस गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में मुझसे का पुरा गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे कूद गई और सामने दीवार से जा टकराई हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है मृतकों के मोबाइलों से उनके परिजनों को सूचना दी गई है उनके परिजन बयाना पहुंच गए हैं। परिजनों की मौजूदगी में गढ़ी बाजना थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की गई है। गढ़ी बाजना थाना अधिकारी महेंद्र शर्मा ने बताया कि तीनों शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं। हादसे में क्षतिग्रस्त थी मृतकों की बाइक को जप्त कर लिया गया है।

# निर्माणाधीन मकान से विद्युत एवं सेनेट्री का सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं.)।** शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में स्थित निर्माणाधीन मकान से चोर विद्युत व सेनेट्री सामान चुरा ले गए। अन्यत्र सेमारी थानाक्षैत्र में दुकान से चोर नकदी व दस्तावेज चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुला हॉलनवरीत्न काम्प्लेक्स संस्कार टू अपार्टमेंट के सामने रहने वाले करण कुमावत पुत्र रामचन्द्र ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मेरा मकान का नवरत्न क्षैत्र में निर्माण कार्य चल रहा हैं। जहां पर विद्युत तार, सेनेट्री सामान सहित अन्य सामान रखा है। जिसे गत दिनों चोर चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- **पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की**

इसी तरह सेमारी थाना क्षैत्र टोकर गांव निवासी महावीर प्रसाद पुत्र रोडीलाल प्रजापत की किराणा दुकान से 17 अगस्त को अज्ञात चोर दस्तावेज एवं गल्ले से 2 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। घटना वाली रात में पड़ोसी की छत से चढ़ कर मकान में घुस कर बदमाश वारदात कर फरार हो गए। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# बीसलपुर बांध से दो गेज 50-50 सेमी. खोले

**टोंक, (निसं)।** बीसलपुर बांध का जलस्तर 315.50 आरएल मीटर बना रहने के साथ ही सोमवार को दो गेट 50-50 सेमी देर रात को खोलकर निकासी की जा रही है। बीसलपुर बांध परियोजना के अधिकारियों के अनुसार सोमवार को बीसलपुर बांध गेट नं. 9 व 10 को अब 50-50 सेमी खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। दोपहर 3 बजे 3.80 मीटर चल रहा था।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी के ताले तोड़े

- नव निर्वाचित महासचिव एबीवीपी के अरविन्द जाजड़ा ने ताला तोड़ा
- पिछले 1 साल से उद्घाटन के इंतजार में बंद थी लाइब्रेरी।

**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेताओं ने सेंट्रल लाइब्रेरी के ताले तोड़ दिए। सेंट्रल लाइब्रेरी उद्घाटन के लिए काफी समय से बंद पड़ी थी। सोमवार दोपहर महासचिव अरविंद जाजड़ा छात्र नेताओं के साथ सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचे। उनके नेतृत्व में छात्र नेता के साथ मौजूद छात्रों ने नारेबाजी की। जिसके बाद सेंट्रल लाइब्रेरी के ताले तोडकर अंदर घुस गए।

राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने बताया कि पिछले 5 सालों से बन रही लाइब्रेरी का काम करीब 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है। लाइब्रेरी में सिर्फ फर्नीचर का काम बाकी बचा है। जिसका नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी है। पिछले एक साल से बनकर तैयार लाइब्रेरी के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का इंतजार किया जा रहा है। सालभर में उद्घाटन के लिए गहलोत को 3-4 बार बुलाया गया, लेकिन लाइब्रेरी के उद्घाटन के लिए नहीं आए। इसके कारण ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का भी अनावरण रुका हुआ है। छात्रसंघ चुनाव के बाद आरयू महासचिव बने अरविंद जाजड़ा सोमवार दोपहर यूनिवसिर्टी पहुंचे। अरविंद जाजड़ा के नेतृत्व में छात्र नेताओं के साथ मिलकर स्टूडेंट ने नारेबाजी की। जिसके बाद सेंट्रल लाइब्रेरी का सरिए से ताला तोड़कर स्टूडेंट्स अंदर घुस गए।

एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा का कहना है कि 5 करोड रुपए की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी बननी थी। लाइब्रेरी बनाने वाले ठेकेदार सहित बिल पास करने वाले इसमें पैसे खा गए। पिछले एक साल से बंद लाइब्रेरी गहलोत से उद्घाटन के कारण बंद पडी थी। बंद लाइब्रेरी से स्टूडेंट्स की स्टेडी में नुकसान हो रहा था। स्टूडेंट हित को लेकर सोमवार दोपहर नई सेंट्रल लाइब्रेरी को ताले तोडकर शुरू कर दिया गया है।



राजस्थान यूनिवर्सिटी की एक साल से बंद पड़ी सेन्ट्रल लाइब्रेरी का सोमवार को नवनिर्वाचित महासचिव अरविंद जाजड़ा ने अपने समर्थकों के साथ ताला तोड़ दिया।

## एमएमएस के डॉक्टरों ने बच्चे की जटिल सर्जरी की

**जयपुर।** एसएमएस हॉस्पिटल में नट क्रेकर सिंड्रोम से पीड़ित एक 14 साल के बच्चे का ऑपरेशन किया गया। हॉस्पिटल के डॉक्टरों का दावा है कि इस तरह का ऑपरेशन पहली बार यहां किया गया है। अभी तक इस बीमारी के केस महिलाओं में ही देखने को मिले है, लेकिन बच्चे में ये पहली बार देखने को मिला। इस बीमारी में गुर्दे का खून ले जाने वाली वेन (लेफ्ट रीनल वेन) आंतों को खून देने वाली नस और महाधमनी के बीच फंस जाती है, जिससे गुर्दे में खून की सप्लाई रूकने के बाद वहां तेज दर्द होने लगता है। ऑपरेशन करने वाले एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर और कार्डियोथोरिसिक सर्जन डॉ. संजीव देवगढ़ा ने बताया कि उदयपुर के गिरवा के शिवम को गुर्दे में तेज दर्द रहने लगा। दिन में कई बार पेन किलर और इंजेक्शन लेने के बाद भी आराम नहीं मिलता था। उदयपुर में कई डॉक्टर्स को दिखाने के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद वह 10 अगस्त को एसएमएस हॉस्पिटल में दिखाया, जहां कई जांचे करने के बाद मरीज को भर्ती किया और ऑपरेशन का निर्णय किया। सभी जांच पड़ताल के बाद 22 अगस्त को बच्चे का ऑपरेशन किया गया। करीब 3 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के दौरान लेफ्ट रीनल वेन को आईवीसी से हटाकर नीचे की आईवीसी से जोडा गया।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर : धारीवाल

- प्रभारी मंत्री ने झांझरिया गांव में ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ किया

**जयपुर।** स्वायत्त शासन एवं जिला प्रभारी मंत्री शान्ति धारीवाल ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपना हुनर दिखाने के लिये राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल मील का पत्थर साबित होंगे।

धारीवाल सोमवार को जिले की सांगानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ठिकरिया के झाझरिया गांव में आयोजित समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह पहला अवसर है जब एक साथ 30 लाख खिलाडी एक साथ मैदान में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी प्रतिभाशाली खिलाडी है लेकिन उनको सही मंच नहीं मिलने के कारण अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिये इन खेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढाने के लिये उत्साहित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में खेलों के विकास और खिलाडियों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण खेल ओलम्पिक खेलों को लेकर खिलाडियों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित खिलाडियों, विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई।

बगरू विधायक गंगा देवी ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल से स्थानीय बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर सरकार द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस तरह के आयोजन से लाखों बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढेगे। इस दौरान सांगानेर प्रधान भंवर कँवर, उप प्रधान सुचित्रा भदाला, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, जिला परिषद के सीईओ जसमीत सिंह सन्धू, एसीईओ सुमन देवी उपखण्ड अधिकारी सांगानेर एकता काबरा सहित अन्य जनप्रनिधिगण मौजूद रहे।

# सिर पर वार कर पडौसी की हत्या, आरोपी पकड़ा

- चांदपोल बाजार स्थित बगरू वालों का रास्ता की घटना।

**जयपुर।** राजधानी के नाहरगढ़ इलाके में रविवार देर रात चांदपोल बाजार में बगरू वालों के रास्ते में स्थित सिंधी धर्मशाला में आपसी कहासुनी को लेकर एक परिवार ने पड़ोसी पर बेसबॉल के डंडे से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। घायल ने एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के बेटे ने इस संबंध में पड़ोसी परिवार के खिलाफ पिता की हत्या करने का मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि बगरू वालों के रास्ते में स्थित सिंधियों की धर्मशाला निवासी रमेश सिंह उर्फ रम्मो (52) की हत्या कर दी। हत्या के मामले में रमेश के पड़ोसी नरेश मूलानी (32) को सोमवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया। नरेश के अन्य परिजनों की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच में सामने आया है कि रेश सिंधी ने करीब 6 महीने पहले रम्मो के घर से पैसे चुराए थे। इसकी शिकायत नाहरगढ़ थाने में भी की थी। इस संबंध में नरेश सिंधी को थाने में बंद कर दिया गया था। बाहर आने के बाद इसका बदला लेने के लिए नरेश सिंधी बार-बार रमेश को परेशान किया करता था। रमेश को बार-बार मकान खाली करने और यहां से चले जाने के लिए भी दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार मृतक रमेश और आरोपित नरेश के बीच अवैध संबंध थे। दोनों में आपस में कई बार कहासुनी भी हो गई थी। फ़िलहाल आरोपी के दिमाग में धर्मशाला में रमेश द्वारा कब्जा करने का शक हुआ तो दोनों के बीच आपसी रंजिश पनप गई। सोमवार रात को नरेश की किसी बात को लेकर रमेश सिंह की कहासुनी हो गई थी। इस दौरान उसने शराब पी रखी थी। रमेश अपने कमरे से बेसबॉल का डंडा ले आया, जिसे नरेश ने छीनकर उल्टा उसके ऊपर ही हमला बोल दिया। डंडे से रमेश के सिर व चेहरे पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। आसपास के लोग उसे लेकर एसएमएस अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि धर्मशाला में किराए से नरेश के परिवार के पास 9 कमरे और रमेश के पास एक हॉल था। रमेश यहां पर महिला का स्वांग रचकर रहता था। वह करीब 25 वर्षों से पत्नी-बच्चों से अलग धर्मशाला में अकेला रहता था।

## मोबाइल फोन चोरी

**जयपुर।** राजधानी के सोड़ाला इलाके में तीस हजार रुपए का मोबाइल फोन पलक झपकते ही चोरी हो गया। दुकानदार के सीसीटीवी फुटेज में यह वारदात रिकॉर्ड हो गई। जिस दुकान पर चोर सामान खरीदने आया उस दुकानदार को ही निशाना बना लिया। बाद में सोड़ाला पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि सोड़ाला चौराहे पर भूरामल भागीरथ परचून की दुकान से अज्ञात बदमाश 30 हजार का मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। दुकान मालिक भूरामल को जब यह जानकारी लगी तो उसने तत्काल प्रभाव से अपने बेटे को जानकारी दी। भूरामल भागीरथ के बेटे ने उस मोबाइल के साथ जुडे हुए बैंक खातों को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। इससे आरोपी पेटीएम या फोन पे के मार्फत से किसी भी प्रकार का पैसा नहीं निकाल पाया। जबकि दुकान पर लगे सीसीटीवी में आरोपी वारदात करता हुआ साफ दिखाई दे रहा है।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने मुंह पर रुमाल बांध रखा था। जबकि दुकान में कुछ ज्यादा भीड़ नहीं थी। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने काउंटर पर रखे हुए उसके मोबाइल को पलक झपकते ही चुरा लिया। इसके बाद आरोपी ने दुकान के पास में रखी हुई एक प्लास्टिक की थैली में रखे सामान को उठा कर रवाना हो गया। भूरामल ने बताया कि सोडाला चौराहे पर उनकी यह दुकान करीब 30 साल पुरानी है।

# डॉ.दीपक गुप्ता और डॉ. सुधांशु बने दबंग वर्ग के चैम्पियन



मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से जय क्लब में पहली बार डीपीटीएल स्टार्स मानसून प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

**जयपुर।** मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में जय क्लब में 28 अगस्त को प्रथम बार एकदिवसीय डीपीटीएल स्टार्स मानसून प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव डॉ.अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में दबंग युगल जोडी में डॉ. दीपक और डॉ.सुधांशु ने डॉ.आदित्य और डॉ.टी एस सिंह को 9-7 से हराकर विजेता बने। डीपीटीएल चेयरमैन डॉ.जयंत सेन ने बताया कि डॉ.रमेश और डॉ.राकेश ने टाई ब्रेकर में डॉ.नीरज और डॉ.आशीष को हराकर मलंग जोडी का खिताब जीता।

कार्यक्रम संयोजक डॉ.हरीश भारद्वाज ने बताया कि पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहटा, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ.संदीप निझावन थे। इस अवसर पर विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.आर के वर्मा, डॉ.जी डी रामचंदानी, डॉ.रोहित चरण, डॉ. मुनिश कक्कड, डॉ.रवि, डॉ.अभिषेक बिनानी, डॉ.संजय कटेवा, डॉ.उमेश केडिया, डॉ.विशाल अग्रवाल, डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ.रजत मलोत आदि वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे।

# नेत्रदान के समर्थन में नर्सिंग कर्मियों ने रैली निकाली




राजस्थान आई बैंक सोसायटी की ओर से प्रदेश में चलाए जा रहे 37 वें राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाडे के तहत आज एस एम एस नर्सिंग कॉलेज में नेत्रदान कार्यक्रम के समर्थन में एक रैली निकाली।

**जयपुर।** राजस्थान आई बैंक सोसायटी द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे 37 वें राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाडे के तहत आज एस एम एस नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं ने नेत्रदान कार्यक्रम के समर्थन में एक आकर्षक रैली निकाली ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में अंधता निवारण कार्यक्रम मे सक्रिय सहयोग देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

परिसर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में नर्सिंग कर्मियों को संबोधित करते हुए आई बैंक सोसाइटी की सदस्य कमल पनगढिया ने सोसायटी द्वारा गत 20 वर्षों में नेत्रदान के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों तथा सोसाइटी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। सोसायटी के सक्रिय सदस्य रवि कामरा ने कहा कि नेत्रदान जैसे पुण्य कार्य में नर्सिंग स्टूडेंट्स अपना भरपूर सहयोग करें ताकि अधिकाधिक संख्या में नेत्रदान प्राप्त कर प्रदेश में अंधता निवारण में वे भी अपना योगदान देसकें। सोसाइटी की मैनेजर सुदर्शना शेखावत ने कोर्निया निकालने तथा प्रत्यारोपण करने संबंधी तकनीकी जानकारियां दी तथा नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। सोसाइटी की ओर से आत्माराम सिंघल ने प्रिंसिपल डॉक्टर जोगेंद्र कुमार, डॉ.मीनाक्षी तथा डॉ.अशोक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रंगकर्मी एस. पी. वर्मा के निर्देशन में उनके द्वारा लिखित नाटक "तमसो मा ज्योतिर्गमय" का मंचन किया गया जिसमें नेत्रदान के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई है। उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाकर नाटक की सराहना की।

## चूड़ी बनाने के कारखाने से बाल श्रमिक मुक्त कराए

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने इलाके में एक चूड़ी बनाने के कारखाने पर दबिश देकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद यहां छापा मारा गया था। जब पुलिस टीम वहां पहुंची और बच्चों से बातचीत करने की कोशिश की तो बच्चे रोने लगे। पुलिस वालों से बच्चे बोले अंकल यहां से निकाल दो हमें, घर भेज दो। ये अंकल गंदे हैं, खाना नहीं देते। 16 से 18 घंटे तक काम कराते हैं। दिनभर में खाने के लिए दो मुट्ठी चावल देते हैं। कभी भी कमरे से बाहर जाने नहीं दिया जाता। साथ ही किसी से मिलने नहीं दिया जाता। माता पिता से बात करे तो कई महीने गुजर गए हैं। पुलिस ने बेहद दयनीय हालात में बच्चों को वहां से मुक्त कराया है। पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद परवेज और मोहम्मद सज्जाद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि दोनो मूल रुप से बिहार के रहने वाले हैं और वर्तमान में जयपुर में रहकर चूडी बनाने का कारखाना भी चलाते हैं।

# बिल्डरों के 602 प्रोजेक्ट्स पर रेरा की तलवार लटकी

- बिल्डरों और विकासकर्ताओं की मनमानी के कारण 28 हजार परिवारों के आशियाने की उम्मीद टूट रही
- बिल्डर न तो बुकिंग का पैसा लौटा रहे और न ही समय पर मकान दे रहे, पीड़ित थक हारकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हुए

**जयपुर,** (कासं)। समय पर आशियाना चाहने वालों की सहुलियत के लिए राज्य सरकार ने रियल एस्टेट रेग्यूलेटर अथॉरिटी (रेरा) काननू तो लागू कर दिया, लेकिन अब भी कई लोग बिल्डर और विकासकर्ताओं की मनमानी के शिकार हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश में 2027 प्रोजेक्ट रेरा में रजिस्टर्ड हैं और गंभीर हालत यह है कि इसमें से करीब 30 प्रतिशत प्रोजेक्ट या तो लेप्स हो गए या फिर उन्हें निरस्त कर दिया गया है। इनमें से 555 प्रोजेक्ट्स का निर्माण पूरा होने की मियाद निकल चुकी है, लेकिन बिल्डरो ने न तो एक्सटेंशन लिया और न ही प्रभावित आवंटियों को पैसा लौटाया। ऐसे सभी प्रोजेक्ट्स में 28 हजार से ज्यादा बुकिंगकर्ता शामिल हैं, जिनकी नींद उड़ी हुई है। थक हारकर बुकिंगकर्ताओं को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पडा है। सूत्रों की माने तो रेरा ने45 प्रोजेक्ट निरस्त किए हैं, जबकि2 प्रोजेक्ट में फ्लैट बेचान पर रोक लगा दी। इनके अलावा 555 प्रोजेक्ट लेप्स की सूची में डाल दिए। रेरा ने2 प्रोजेक्ट का कब्जा ले लिया और 3 प्रोजेक्ट में से 12 फ्लैट को अटैच किया गया हैं।

# भाजपा का मिशन 2023 और 2024 की तैयारियां शुरू

- 10 सितम्बर को जोधपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शाह करेंगे दौरा

**जयपुर।** भाजपा की ओर से देश में 2022 के अन्त और 2023 और 2024 के चुनावों के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए भाजपा ने हर कार्यकर्ता को एक नई जिम्मेदारी देकर चुनावी मोड में ला रही है। इसी को देखते हुए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा देश के करीब 700 जिलों में मोदी 20 किताब पर प्रबुद्दजनों से चर्चा के लिए केन्द्रीय मंत्री या केन्द्रीय पदाधिकारियों को लगाया है। इसके साथ ही भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 10 सितम्बर को जोधपुर में एक दिवसिय कार्यक्रम बन रहा है।

इस दौरान शाह जोधपुर में भाजपा के बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे और बाद में ओबीसी मोर्चे की राश्टीय कार्य समिति की बैठक को संबोधित करेंगे। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने का भी कार्यक्रम है। हालांकि अभी तक नड्डा के कार्यक्रम की अधिकारिक सूचना नहीं मिली है। प्रदेश में लगातार भाजपा के केन्द्रीय नेताओं के दौरे हो रहे हैं। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व प्रदेश में 2023 और 2024 के चुनावों में प्रदेश से कोई कमी नही छोडना चाहता है इसके लिए लगातार केन्द्रीय नेताओं के दौरे किए जा रहे हैं। इसके साथ ही भाजपा कांग्रेस के परम्परागत वोट बैंक आदिवासी और ओबीसी में सैध लगाकर भाजपा के पक्ष में कर रही है। इसके लिए भाजपा ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया है। वही ओबीसी के नेताओं को भी बडे पदो पर बिठाया है। इसके लिए भाजपा ने ओबीसी समुदाय से आने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ को बनाया है। वही दक्षिण भारत से ओबीसी के बड़े नेता के लक्ष्मण तेलंगाना से आते हैं। उनको हाल ही मे उनको भाजपा के संसदीय बोर्ड में लगाया गया है।

# नाबालिग लडकी के अपहरण में 2 भाई गिरफ्तार

**जयपुर।** राजधानी की रामनगरिया थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस नाबालिग को नोएडा से मुक्त करवाकर जयपुर ले आई है। दोनों आरोपियों ने नोएडा में किराए के रुम में उसे बंधक बना रखा था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी ईस्ट डॉ. राजीव पचार ने बताया कि मामले में आरोपी दिनेश बैरवा उर्फ लाला निवासी नयापुरा महोली करौली और उसके भाई शिवराम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों भाई जयपुर के जगतपुरा में किराए से रहते है। 6 अगस्त की शाम रामनगरिया इलाके में रहने वाली 17 साल की लड़की लापता हो गई। 8वीं पास बेटी के अपहरण का मामला 8 अगस्त को पिता ने दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी नाबालिग का पता नहीं चला तो 5 हजार रुपए का इनाम रखा गया। पुलिस ने बताया कि एसएचओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में गंगासहाय और कांस्टेबल राजेश कुमार, कैलाश, विजय कुमार राठी और मुनेश की टीम बनाई गई। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ किडनैप नाबालिग की तलाश में जुट गई। फुटेज में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाते संदिग्ध कैद मिले। संदिग्ध की पहचान कर मोबाइल लोकेशन मांगी गई। मोबाइल नंबर के बंद होने का पता चला। पुलिस टीम ने आरोपी दिनेश के गांव करौली और गंगापुर सिटी में दबिश दी। पकड़ में नहीं आने पर पता चला कि सवाई माधोपुर से नए मोबाइल नंबर लिए गए है।

## सार-समाचार

### 16 सौ अवैध विज्ञापन सामग्री को हटाया

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर हैरिटेज के आयुक्त विश्राम मीणा के निर्देश पर निगम हैरिटेज क्षेत्र में अवैध विज्ञापन सामग्री हटाने के लिए 27 एवं 28 अगस्त को सभी जोन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 16 सौ से अधिक अवैध विज्ञापन सामग्री को हटाया गया। उपायुक्त राजस्व (प्रथम) दीपाली भंगोतियां ने बताया कि विशेष अभियान के तहत हवामहल जोन क्षेत्र में 521, सिविल जोन क्षेत्र में 213, किशनपोल जोन क्षेत्र में 418 तथा आदर्श नगर जोन क्षेत्र में 460 अवैध विज्ञापन सामग्री को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अवैध सामग्री बड़ी चौपड, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट, रामगढ़ मोड, संपूर्ण सिविल लाईन जोन क्षेत्र, रामगंज, बड़ी-छोटी चौपड, त्रिपोलिया बाजार, चौडा रास्ता, जोहरी बाजार, किशनपोल नगर, कावडिया अस्पताल एम.जी.एफ. मॉल, रेलवे स्टेशन के आस-पास से अवैध विज्ञापन सामग्री को हटाया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह का अभियान नियमित चलता रहेगा।

### प्रिंसिपल के स्थानान्तरण आदेश पर रोक

**बीदासर,** (निसं)। निकटवर्ती गांव दूंकर के खेल स्टेडियम में सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चार दिवसीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ समारोहपूर्वक हुआ। समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत दूंकर की सरपंच ज्ञानू देवी भामू ने की तथा समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल व विशिष्ठ अतिथि उपखण्ड अधिकारी श्योराम वर्मा, तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा, सीबीईओ संदीप कुमार व्यास, विकास अधिकारी हंसराज मीणा, एसीबीईओ सुखदेवाराम प्रजापत, रूपाराम भामूं थे।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल ने ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि ग्रामीण ओलम्पिक प्रतियोगिताओं से गाँव मे छूपी प्रतिभाएँ आगे आऐगी तथा खेल भावना से आपसी सौहार्द व भाईचारा को बढ़ ावा मिलने के साथ-साथ फिट राजस्थान हिट राजस्थान का सपना साकार होगा। मेघवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा खेलो का बजट 20 करोड़ से बढाकर 40 करोड़ करने व आयोजन पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। पंचायत कार्यक्रम के पीईईओ व प्रधानाचार्य रामनारायण पूनियाँ ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे 268 खिलाड़ी व कुल 22 टीमें भाग ले रही है। खेलकुद प्रतियोगिता मे कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, हॉकी, वॉलीबॉल, शूंटिग बॉल मे महिला व पुरूष वर्ग के भाग लेंगे।

खेलकुद प्रतियोगिता समापन 01 सितम्बर 22 को होगा। ब्लॉक बीदासर के खेल नॉडल ऑफिसर सरदार सिंह रेवाड़ ने बताया कि ब्लॉक की 27 ग्राम पंचायतों मे एक साथ खेलों का उद्घाटन हुआ। समारोह मे एसीबीईओ चरण सिंह घोटड़, आरपी गुलाबचंद मेघवाल, रचना पारीक, सुरेश जानू, पूर्व संरपच रामनिवास भामू, पूनाराम मेघवाल, मांगीलाल भामू, चौनाराम भामू, दूलनाथ सिद्ध सहित अनेक ग्रामीण व विद्यार्थी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### डॉ. रमेश बैरवा ने कार्रवाई की मांग की

**अलवर,** (निसं)। बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.रमेश बैरवा ने प्रेस नोट जारी कर बताया है कि इनके द्वारा प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास सहित सह आचार्य डॉ.कर्मवीर सिंह, डॉ जेसी नारायण, डॉ खेमचंद शर्मा, डॉ रेणु मित्तल, महेंद्र प्रताप बायला एवं अन्य के खिलाफ भेजी गई शिकायत को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने दर्ज कर लिया है। डॉ.बैरवा द्वारा प्राचार्य एवं अन्य के खिलाफ एससी एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं में शिवाजी पार्क थाने एफ आई आर दर्ज है। शिकायत में डॉ.रमेश बैरवा ने जातिगत एवं वैचारिक दुर्भावनावश प्रताडित किए जाने के खिलाफ अविलंब कडी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास ने पद का दुरुपयोग कर डॉ.कर्मवीरसिंह के साथ षड्यंत्र कर जातिगत दुर्भावनावश इन्हें 16 एवं 17 अगस्त को 2 दिन तक प्राचार्य कक्ष में लोगों के सामने बिठा कर इन्हें बुरी तरह जलील, टॉर्चर किया। संस्थानिक हत्या की स्थिति बना रखी है।

### एडीएम खुद घायल को लाये अस्पताल

**पावटा,** (निसं)। निकटवर्ती होटल होली डे फन के सामने एक राहगीर को एक अज्ञात अनियंत्रित वाहन टक्कर मार फरार हो गया। जिस पर वहा मौजूदा लोगों ने एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस के दूरी पर होने की वजह से समय पर नहीं पहुँच पाने के कारण राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक 2022 क्रीडा प्रतियोगिता की जाँच कर उधर से गुजर रहे कोटपुतली एडीएम जगदीश आर्य ने मानवता दिखाते हुए अपनी गाडी रुकवाई और घायल की स्थिति जानी। घायल बेहोश था और वह बोलने की स्थिति में नहीं था। वही आसपास के लोगों की मदद से अपनी गाडी में पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ डॉ. अशोक बाज्या घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। वही डॉ. अशोक बाज्या ने बताया कि घायल मानसिक रूप से विकृत है। जगह जगह चोट लगी है जिसका उपचार कर दिया गया है। वही घायल के पास किसी तरह का आईडी प्रूफ नही होने के कारण नाम पते की जानकारी नही लग पाई है।

### गंभीर मरीज को एडीपी डोनेट किया

**कोटपूतली,** (निसं)। रक्तमणि अभियान में स्थानीय श्री कृष्णा ब्लड बैंक में रक्तमणि अभियान अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज को आवश्यकता पडने पर रक्तमणि अभियान से जुडे. हुए अभय बंसल पुत्र मुकेश बंसल निवासी मौहल्ला बुचाहेडा ने एडीपी डोनेट किया। उन्होने कहा कि रक्तमणि नि:स्वार्थ मानव सेवा के लिए कार्य कर रही है। गौरतलब है कि अभय बंसल अब तक 4 बार रक्तमणि में रक्तदान कर चुके है। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल, पार्षद कृष्ण कुमार कारोडिया, मनोज सैनी उपस्थित रहे।

### नंदोत्सव में उमड़ी महिलाएं

**निवाई,** (निसं)। गुरु कृपा महिला मंडल के तत्वाधान में सोमवार को संत कृष्णानंद सत्संग भवन में नंदोत्सव का आयोजन हुआ। मंडल प्रमुख पिकीं टोडवाल ने बताया कि चारभुजानाथ मंदिर परिसर में स्थित संत कृष्णानंद सत्संग भवन में मंडल की महिलाओं द्वारा नंदोत्सव के दौरान भगवान की पूजा अर्चना की और भक्ति नृत्य किया।

# ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ, ग्रामीणों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सोमवार को उपखण्ड के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी जुगलपुरा पीईईओ क्षेत्र के खेलों का आयोजन एकलव्य मॉडल स्कूल के प्रांगण में हुआ।

ओलम्पिक खेलो का शुभारंभ एसडीएम रवि वर्मा, मुख्य अतिथि कांग्रेस शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद

- **खेलों के लिए 386 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन में 236 महिलाएं एवं 160 पुरूष शामिल**

पराणा, महामंत्री दिनेश गिन्दोडी ने किया। खेलों के लिए 386 खिलाडियों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें 236 महिलाएं एवं 160 पुरूष शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वन्दे मातरम्, स्वागत गीत, घुमर नृत्य सहित अनेक कार्यक्रम


कबड्डी में बस्सी की टीम विजेता रही।

आयोजित हुए। प्रधानाचार्य अनिता जैन व एकलव्य प्रधानाचार्य रामचरण मीणा सहित अनेक लोग मौजूद थे। इसी प्रकार बस्सी में मुख्य अतिथि बीसलपुर परियोजना के एईएन विजय गुर्जर, गोवर्धन डीलर, शोभाराम प्रजापत, आशाराम डोई, रामअवतार पोसवाल ने खेलों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डां. कुसुम कौशिक व रामप्रसाद जाट ने की। पीटीआई रामकिशन गुर्जर व रमेश घायल ने बताया कि कबड्डी, टेनिस क्रिकेट, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों का आयोजन होगा। रमेश घायल ने बताया कि उद्घाटन मैच कबड्डी (पुरुष) बस्सी व बारेडा के बीच खेला गया जिसमें बस्सी विजेता रही। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाय में सरपंच कांता देवी शर्मा ने ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य सुविज्ञा चौहान ने बताया कि खेलों में कुल 78 खिलाडी भाग ले रहे है। उद्घाटन मैच झिलाय व हरिपुरा के बीच खेला गया जिसमें हरिपुरा की टीम विजेता रही। इस अवसर पर छोटूलाल शर्मा, उप सरपंच भैरूलाल कुम्हार, प्रधानाचार्य मंजू मीणा व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक देवनारायण गुर्जर उपस्थित थे। पीईईओ क्षेत्र राहोली में ओलम्पिक खेलों को आयोजन हुआ। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, राहोली डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि मुख्य आतिथि पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल ने फीता काटकर खेलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप सरपंच मधुसूदन शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र मीना,पूर्व पंचायत समिति सदस्य घनश्याम मीना,एईन रवीन्द्र कुमार, डॉ.तेज सिंह सिसोदिया,पीटीआई मुकेश बोहरा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमि विद्यालय ललवाडी में प्रभुसिंह राजावत व सरपंच देवालाल गुर्जर ने खेलों का स्वागत किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नला में ग्राम पंचायत स्तरीय राजस्थान ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ प्रधान रामावतार लांगडी ने दीप प्रज्जवलन कर व ध्वजारोहण कर किया।

# शिक्षक के साथ हुई मारपीट को लेकर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**पावटा,** (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय तैल्यां की जोडी बडनगर में शिक्षक मनोज कुमार जाट के साथ हुई

- **मारपीट के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग**
- **सात दिवस में कार्यवाही नहीं होने पर पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी**


उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा गया।

मारपीट की घटना के पश्चात पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने पर उपखंड कार्यालय पावटा में धरना प्रदर्शन किया गया एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को ज्ञापन दिया गया।

इसमें अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। शिक्षकों के भारी आक्रोश को देखते हुए शिक्षक संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया एवं अभियुक्तों पर सात दिवस तक कार्यवाही नहीं होने पर पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। जब तक शिक्षकों को न्याय नहीं मिल जाता आर पार की लडाई जारी रहेगी। शिक्षक संयुक्त संघर्ष समिति में संरक्षक लक्ष्मीनारायण स्वामी, संयोजक जगदीश मीणा, सह संयोजक गजानंद टीलावत, प्रवक्ता पवन यादव एवं संघर्ष समिति सदस्यों में महावीर प्रसाद जाट, रतन सिंह शेखावत, ओमप्रकाश बुनकर, सतीदान यादव, बाबूलाल सैनी, उमेश टांक, अनवर हुसैन, गणपत यादव, कमलेश सिंह शेखावत, रामेश्वर लाल यादव, बनवारी लाल सैनी, राजू राम यादव, बजरंग सिंह , कैलाश यादव, रघुवीर सिंह जाट, सरोज कुमारी यादव, धर्मपाल कनौजिया, रोहिताश रेगर, रामकरण जाट, राजेश कुमार यादव, राजेंद्र जाट, बनवारी लाल बुनकर, बृजेश कुमार, राजेश कुमार नागर, रामसिंह यादव, महेश मीणा, नवीन कुमार रूंडला, मुकेश कुमार रेगर, रामनिवास सैनी, मालीराम यादव, सत्यनारायण शर्मा, सुरेश कुमार जाट, राम कुमार शर्मा, महावीर प्रसाद चौधरी, संतोष कुमार गुर्जर सहित सैकडों शिक्षकों ने आक्रोश व्यक्त कर धरने में भाग लिया।

# 'खेलों को खेल की भावना से खेलते हुये आगे बढ़े'

**लालसोट/रामगढ पचवारा,** (निसं)। उपखंड क्षेत्रों में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिताओं के चलते सोमवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उद्घाटन के साथ दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ।

खेलों को बढ ावा देने तथा आमजन में आपसी भाईचारा बढ ाने के लिये के लिये राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीण ओलंपिक का शुभारंभ करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों सहित मौजूद अतिथियों ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता में सभी ग्रामीण आगे आकर सहयोग करे तथा आपसी भाईचारा बनाते हुये खेलों में भाग ले। उन्होने उपस्थित खिलाडियों से कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलते हुये आगे बढ़े। ग्राम पंचायत से ब्लॉक स्तर, ब्लॉक से जिला स्तर एवं जिला स्तर से जीत दर्ज करते हुये प्रदेश में अपनी ग्राम पंचायत का नाम रोशन करे। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल, मानव इतिहास का सबसे बडा खेल आयोजन होगा। उन्होंने सभी खिलाडियों से सकारात्मक खेल भावना के साथ खेलने का की बात कही।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की बदौलत प्रदेश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण फिर से बनेगा तथा हिट राजस्थान-फिट राजस्थान की परिकल्पना साकार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्राामीण अधिक से अधिक

- **राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ के साथ आगाज**
- **सरकारी योजनाओं का भी होगा प्रचार प्रसार**

संख्या में इन खेलों में अपनी भागीदारी निभाएं। इसमें कबड्डी, खो-खो, टेनिसबॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी और शूटिंग वॉलीबॉल खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक खेलों के दौरान सांय सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी व फलेगशिप योजनाओ, बजट घोषणा आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता टीमें उप खंड स्तर पर 12 सितम्बर से आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। इसके पश्चात जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 22 सितंबर से आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायत मुख्यालयों से विजय हो जिला स्तर पर आने वाली विजेता एवं उप विजेता टीमों का एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया जायेगा। इस दौरान विजेता एवं उप विजेता टीम के शारीरिक शिक्षको को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया जायेगा।

# पशु चिकित्सा सहायक सामूहिक हड़ताल पर

**कोटपूतली,** (निसं)। राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के आह्वान पर कोटपूतली नोडल के सभी पशु चिकित्सा सहायक सोमवार से सामूहिक हडताल पर रहे। जिससे क्षेत्र की लगभग सभी ग्राम पंचायतों के पशु चिकित्सालयों पर ताले लगे रहे।

इससे पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। युनियन के प्रवक्ता बुधराम गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया की 11 सूत्रीय मांगे काफी समय से लम्बित चल रही है। पिछले मार्च महीने में यूनियन ने 29 दिन सामूहिक हडताल की थी, उसके बाद 12 अप्रैल को मुख्य सचिव व पशुपालन सचिव के साथ मांगो को पूरा करने की लिखित सहमति मिली थी लेकिन 4 माह बाद भी 11 मांगो में से एक मांग भी पुर्ण नहीं हुई है। विगत 21 अगस्त को भी पशुपालन सचिव द्वारा भी एक सप्ताह में मांग पूर्ण करने का समय मांगा गया था लेकिन मांग पूर्ण नहीं होने पर मजबूरन संघ को तालाबंदी का कदम उठाना पडा। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी संजय सैनी ने बताया की मुख्य मांग पदनाम परिवर्तन, पे ग्रेड मेलनर्स ग्रेड द्वितीय के अनुरूप करना, डिप्लोमा कोर्स की अवधि 3 साल 6 माह करना, वीए को एचडीए दिलवाना आदि है।

### हाइपोक्लोराइड का छिड़काव कराया

**उनियारा/चौरु,** (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की चौरु पंचायत में गौवंशों में लम्पी फैलने का गंभीर मामला सामने आया था जो दिनों दिन बढता ही जा रहा था। जिसके कारण पशुपालकों में हडकंप मचा हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पंचायत प्रशासन हरकत में आया और चौरु में हाइपों क्लोराइड का छिडकाव करवाया तथा गौ माता के लिए चारा पानी की व्यवस्था भी की। इस दौरान सरपंच रामसहाय मेरोठा, ग्राम विकास अधिकारी दीपक सैन, नानकराम सैनी, मुरारी लाल मीणा, कैलाश चौधरी, हरिओम सैनी, रामकेश मीणा, भागचंद सैनी, मुकेश सैनी, सुरेंद्र माली, बीपी मीणा, धनराज सैनी आदि मौजूद थे।

# ग्रामीण ओलंपिक खेल महाकुंभ से निखरेगी खेल प्रतिभाएं : एसडीएम आरके वर्मा

**मालपुरा,** (निसं)। ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों के अभाव मे छुपी खेल प्रतिभाओं को तरासने को लेकर युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पहली बार करवाये जा रहे ग्राम पंचायत स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता महाकुंभ का भव्य आगाज सोमवार को पंचायत स्तर पर आयोजित समारोह में हुआ।

सीबीईओ गिर्राज प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मालपुरा ब्लॉक की 38 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं मे 734

- **38 ग्राम पंचायतों में 9731 खिलाड़ी ले रहे भाग**

टीम शामिल की गई है। जिनमे 9731 खिलाडी कबड्डी, क्रिकेट, हैण्डबॉल, साफ्टबॉल, खो-खो, वॉलीबॉल आदि खेलों मे भाग लेंगे। मानप्रकाश जाट इंदोली ने बताया कि सोमवार को



इंदोली में एसडीएम आरके वर्मा ने ग्रामीण ओलम्पिक प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

पंचायत मुख्यालय पर हुये खेल महाकुंभ के समारोह पर एसडीएम आरके वर्मा व सरपंच आशा खटीक ने खिलाडियों से परिचय संवाद कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए कहा कि प्रदेश मे राज्य सरकार द्वारा पहली बार करवाई जा रही राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक मे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाए निखर कर सामने आयेगी। जो कि अपने खेल कौशल के उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर जिला प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक होने वाले खेलों मे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान को खेल जगत की उंचाईयों तक ले जायेगे। वही डुंगरीकलां मे डीवाईएसपी सुशील मान,लावा मे डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व डीआर किशन लाल फगोडिया, लाम्बाहरिसिंह में थानाधिकारी भागीरथ सिंह, सीआर रूपचन्द आकोदिया, पारली में पंचायत समिति विकास अधिकारी सहित सभी पंचायतों में अतिथियो ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

## सार-समाचार

### बीस लाख का दुर्घटना बीमा चेक सौंपा



**बहरोड/नीमराना,** (निसं)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बहरोड में बचत खाताधारी सुरेंद्र पुत्र स्वर्गीय बलवीर सिंह निवासी शिवाजीनगर बहरोड की पत्नी सुनीता देवी को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बहरोड में क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश चौहान, मुख्य प्रबंधक राकेश तांबी, एरिया मैनेजर अमित गुप्ता तथा ब्रांच डेवलपमेंट यशवंत सिंह यादव की मौजूदगी में 20 लाख रुपए की दुर्घटना बीमा राशि सौंपी गई। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बहरोड पर दुर्घटना बीमा कराने वाले सुरेंद्र कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी शिवाजी नगर बहरोड के द्वारा बचत खाते के तहत भारतीय स्टेट बैंक की पॉलिसी के तहत बीमा की सुविधा पॉलिसी ली गई थी। अचानक से सुरेंद्र कुमार की डेथ होने की वजह से उनके परिजनों को बीमा पॉलिसी का लाभ देते हुए 20 लाख रुपए का चेक भेंट किया गया।

### राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक 2022 का शुभारंभ ग्राम पंचायत हांसपुर में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मालाराम जादूगर पूर्व सरपंच, अध्यक्ष सुभाष शर्मा सरपंच प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि रेवत सिंह शेखावत, किशन लाल कुमावत रामावतार कुमावत, अशोक शर्मा भगवती प्रसाद योगी, गिरधारी लाल सैनी आदि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शिम्भू पुरुषोत्तम ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक2022 समारोह में राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को ग्रामवासियों के सम्मुख बताया व इन खेलों का उद्देश्य स्पष्ट किया। कार्यक्रम में खेल ग्रामीण ओलंपिक का ध्वजारोहण किया गया। सत्यनारायण शारीरिक शिक्षक व समस्त स्टाफ साथियों द्वारा 6 खेलों आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त व 30 अगस्त को सांस्कृतिक संध्या प्रोग्राम भी आयोजित किए जाएंगे। मंच संचालन अशोक कुमार सैनी ने किया। इसी प्रकार ग्राम सहोडी के गोमावाली स्कूल खेल मैदान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। स्कूल के प्राचार्य राकेश कुलदीप ने बताया कि सीहोडी सरपंच सुंदरलाल भावरिया के संयोजन में हॉकी, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल, लॉन टेनिस व क्रिकेट खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### वृद्ध ने फांसी लगाई

**टोंक** (निसं)। शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के मौहल्ला बटलावान एक 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने उधारी पैसे नहीं देने से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस पर मामले की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल के मुर्दाघर रखवाकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपूर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के मौहल्ला बटलावान मो. हामिद पुत्र छोटे खां उम्र 65 साल ने अपने ही घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी परिजनो को लगते ही हल्ला मचने के साथ मौहल्ले में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीरसिंह, शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण मय दल के पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। इस दौरान मृतक के भाई मो. अरबाज ने आरोप लगाते हुए बताया कि हबीब निवासी बूंदी के साथ काम किया गया था और उसके साथ धोखाधडी की और 10 लाख रुपए बकाया नहीं देकर परेशान कर रहे थे। हामिद मरने से पहले सुसाईड नोट भी लिखकर छोड कर गया है। पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग लेकर शव लेने मना करते हुए काफी देर तक बैठक रहे। इस मामले में पुलिस ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने समझाईश के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौंप दिया और पुलिस कार्यवाही शुरु की।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांकःनपाश्रीमा/2022-23/4031-32 दिनांक-18/01/2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाथोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र.सं. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती प्रेम देवी वार्ड नं. 02 एफ.सी.आई. गोदाम के पास श्रीमाधोपर | 120 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका श्रीमाधोपुर**



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेस लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

IDFC FIRST Bank

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

प्राधिकृत अधिकारी-अभिषेक कुमार, संपर्क नम्बर-7230013999-9874702021 ई-मेल-abhishek.kumar30@idfcfirstbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि.के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 30.09.2022 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

| क्रम संख्या | (i) डिमांड नोटिस तिथि व राशि | (ii) ऋणग्रहिता (ओं) और सह-ऋणग्रहिता(ओं) के नाम | (iii) सम्पत्ति का पता | (iv) आरक्षित मूल्य राशि | (v) ईएमडी राशि | (vi) ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (ऑनलाइन) तब/पहले | (vii) निलामी की तिथि व समय | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.04.2021 को रूपये 1290840.65/- | रविन्द्र सिंह, दीपिका कंवर | यूनिट नं. एस-3, क्षेत्रफल 690.00 वर्गफिट, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. एच-131, एवं 132, मंगलम सिटी, ग्राम पीथावास एवं निवारू, कालवाड रोड, तहसील व जिला जयपुर का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. एच-143 एवं एच-144, पश्चिम-रोड 9.14 मीटर, उत्तर-प्लाट नं. एच-130, दक्षिण-प्लाट नं. एच-133 | रूपये 1200000/- | रूपये 120000/- | 29.09.2022 | 30.09.2022 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 22.09.2022 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 2 | 01.06.2021 को रूपये 2169326.50/- | वीरेन्द्र कुमार टेलर, मीना टेलर, राजेन्द्र कुमार टेलर | फ्लैट नं. जी-1, प्लाट नं. जी-93, स्कीम मंगलम सिटी विस्तार, ब्लॉक जी, पीथावास एवं निवारू, हाथोज कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज, और सीमाये है- पूर्व-रोड 30' चौडी, पश्चिम-रोड जी-100, उत्तर-प्लाट नं. जी-94, दक्षिण-प्लाट नं. जी-92 | रूपये 1729080/- | रूपये 172908/- | 29.09.2022 | 30.09.2022 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 22.09.2022 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 3 | 4 मई 21 को रूपये 5700186.67/- | कनिष्क बुटीक एण्ड साडी, प्रो. अजय गोयल, अजय गोयल, श्रीमती नुपुर गोयल | सम्पत्ति कमरा नं. 201, क्षेत्रफल 385 वर्गफिट, दूसरी मंजिल, विमल चैम्बर्स काम्पलैक्स, प्लाट नं. 176, मेहन्दियों के चौक की गली, रास्ता हल्दियान नगर, हवाली घट दरवाजा, जयपुर राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, सीमाये है- उत्तर-मेहन्दी वालों का चौक, दक्षिण-सरकारी रोड व प्रवेश द्वार, पूर्व-गन्दी गली, पश्चिम-गन्दी गली | रूपये 6006000/- | रूपये 600600/- | 29.09.2022 | 30.09.2022 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 22.09.2022 11.00 से दोपहर 3.00 तक |
| 4 | 09.10.2019 को रूपये 53,98,161/- | गौरी साडी कलेक्शन प्रो. गौरी मित्तल, गौरी मित्तल, विवेक मित्तल | प्लाट नं. 405, क्षेत्रफल 142.03 वर्ग गज, रायल रेजीडेन्सी-1, राम सारंगपुरा, बड के बालाजी, अजमेर रोड, तहसील सांगानेर, जयपुर राजस्थान-302021 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये निम्न है-पूर्व-प्लाट नं. 406, पश्चिम-30 फिट रोड, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-प्लाट नं. 404 | रूपये 4500000/- | रूपये 450000/- | 29.09.2022 | 30.09.2022 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 22.09.2022 11.00 से दोपहर 3.00 तक |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

दिनांक- 27.08.2022
स्थान- राजस्थान

## संक्षिप्त

### नि:शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के सौजन्य से प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किया जाने वाला नि: शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर इस माह भी 31 अगस्त बुधवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डा.महेंद्र तिवाडी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर के बरामदे में आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी सेवानिवृत वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में शुगर, ब्लड प्रेसर की जांच नि:शुल्क की जाएगी साथ ही वजन तौलने की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रहेगी । शिविर में डा. महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श सुविधा देंगे । क्लब अध्यक्ष सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के निवासीयो से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### मांगों को पूरा करने की मांग

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ जयपुर के आव्हान पर 26 वें दिन भी ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति परिसर में धरने बैठे रहे। संघ अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि जिला स्थानांतरण नीति, 3600 रूपये पे-ग्रेड लागू करने सहित विभिन्न मांगों पर ग्राम विकास अधिकारी धरने पर हैं। उन्होंने बताया कि 18 माह में संघ के साथ तीन बार उच्च स्तरीय समझौता होने के बावजूद समझौता लागू नहीं करने से ग्राम विकास अधिकारियों में रोष व्याप्त है और चार अगस्त से प्रदेश व्यापी आव्हान पर ब्लॉक में सभी ग्राम विकास अधिकारी हडताल पर हैं। सोमवार को संघ जिला प्रभारी मंत्री का स्वागत कर किए गए समझौते को लागू करवाने की मांग की है। इस दौरान मुख्य रूप से रामबाबू शर्मा, कैलाश चौधरी, सियाराम मीणा, चिरंजीलाल माली, शिवराज गुर्जर, मोहन गुर्जर सहित कई ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

### पीर संज्यानाथ का मेला आयोजित

**नारायणपुर, (निसं)।** पीर संज्यानाथ महाराज का वार्षिक मेला सोमवार को मंदिर महंत विवेकनाथ महाराज के सानिध्य में हुआ। मेले के दौरान कस्बे सहित आसपास के श्रदालू डीजे पर नाचते गाते हुए खेडापत्ति पीर संज्यनाथ आसण पहुंचकर ध्वजा चढाई। मेले के दौरान भक्तों ने आयोजित भंडारे में पंगत प्रसाद पाई। वही दूरदराज से आए भक्तों ने पीर संज्यानाथ महाराज की गद्दी के समक्ष धोक देकर आशीर्वाद लिया। रात्रि को आयोजित भजन-सत्संग कार्यक्रम का भक्तों ने आंनद लिया। इस अवसर पर अर्जुन लाल यादव, महेश कुमार सैनी, अनिल अग्रवाल, धानसिंह, धुडाराम, विकास चौधरी सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### घायल नील गाय का उपचार किया

**पावटा, (निसं)।** ग्राम रघुनाथपुरा में एक रोड दुर्घटना में नील गाय के दोनों पीछे के पैर कट गए। वही पैर कटने के बाद भी वह इधर उधर दौडती रही व तारों में फसने से ज्यादा घायल हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना एलएसए गोविन्द भारद्वाज को दी। सूचना मिलते ही भारद्वाज ने ग्रामीणों के साथ नील गाय का उपचार किया। उपचार के बाद वन कर्मियों द्वारा नील गाय को वन कार्यालय पावटा ले जाया गया। इस दौरान नरेन्द्र राजू राकेश यादव अमित वन कर्मी रामसिंह एवं पुलिस कर्मी बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे।

### गणेश महोत्सव पर होंगे कार्यक्रम

**रींगस, (निसं)।** गणेश चतुर्थी को शहर के मठ मंदिर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके लिए तैयारियां अन्तिम दौर में चल रही है। मठ मंदिर के महंत आनन्दपुरी महाराज ने बताया की मंगलवार को भव्य श्रंगार व सत्संग के कार्यक्रम आयोजित होंगे। वही मेला 31 को आयोजित होंगा। इस दौरान प्रसादी वितरण होंगी। अनेक झांकियां सजाई जायेंगी। इसकी लगभग सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है।

### फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**टोंक (निसं)।** पुलिस थाना मालपुरा थानाधिकारी ने पोक्सो व हत्या के प्रयास के तीन मुकदमों में वांछित पांच हजार का ईनामी व दो साल से फरार चल रहे आरोपी आमीर उर्फ बब्बा पुत्र मजहर आलम जाति सेययद मुसलमान उम्र 24 साल निवासी वार्ड नम्बर॰8 मालपुरा सादात मोहल्ला मालपुरा थाना मालपुरा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया।आरोपी को गिरफतार कर पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है।

# चाकसू में कार-बाइक की भिंड़त में दो लोगों की मौत

**चाकसू, (निसं)।** नेशनल हाइवे 52 बाईपास स्थित गरुडवासी चौराया पर सोमवार को बाइक व स्कॉर्पियो कार में जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई इस दौरान दुर्घटना स्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपजिला

■ रिश्तेदार की बैठक में जा रहे थे मृतक जीजा व साला

अस्पताल में एम्बुलेंस से पहुंचाया जंहा चिकित्सकों ने दोनों बाइक सवारों को मृत घोषित कर दिया।

वही पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों के चाकसू पहुंचने पर मृतकों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक आपस में जीजा व साले थे। थाना अधिकारी यशवंत सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि भीपुरा बोंली जिला सवाई माधोपुर का 25 वर्षीय व्यक्ति मीठालाल अपने 18 साल के साले निखिल खुर्रा माता दौसा के साथ जयपुर से बाइक पर सवार होकर किसी रिश्तेदार की मौत होने पर तीये की बैठक में शामिल होने के लिये निकले थे। इस दौरान दोनो जीजा-साले अपने गंतव्य जगह पर पहुंचते उसके पहले चाकसू में नेशनल हाईवे 52 बाईपास स्थित गरुडवासी चौराहे चाकसू से गरुडवासी रोड क्रॉसिंग के दौरान जयपुर से टोंक की तरफ अबाध गति से जा रही स्कार्पियो कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा इतना भयंकर थी की स्कॉर्पियो कार दोनों को बाइक सहित करीब 100 मीटर दूर तक घसीट कर ले गई और आगे चलकर डिवाइडर पर चढकर दूसरी साइड में जाकर पलट गई। इससे कार में सवार लोगों के भी चोटे आयी है। इस दौरान घटना स्थल पर सैकडों लोगों की भीड़ जमा हो गयी जिसने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और खतरनाक चौराहे पर पुलिया बनाए जाने की मांग की लोगों ने बताया कि खतरनाक चौराहे पर अब तक कई लोगों की जान और सैकडों वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर लोगों को घायल कर चुके हैं।



हादसे के बाद दुर्घटना स्थल पर काफी भीड़ एकत्र हो गई।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का देवली भांची में शुभारंभ

**टोंक, (निसं)।** जिले में सोमवार से शुरू हुए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ देवली भांची ग्राम में किया गया।

जिला स्तरीय चिकित्सा विभाग की टीम सीएमएचओ डॉ देवप्राज मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ महबूब खान व डीपीसी अजय सिंह व टोक बीसीएमओ डॉ विकास शर्मा द्वारा वहा पर दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का निरिक्षण किया गया। जिले में आयोजित खेलों के आयोजन के दौरान चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा चिकित्सा विभाग की जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया।

■ मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का किया गया प्रचार प्रसार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवप्राज मीणा ने बताया कि खेलों के दौरान आमजन को चिरंजीवी योजना की जानकारी दी गई और नि:शुल्क श्रेणी के अलावा वाले लोगों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस योजना के तहत बीमित परिवार को 10 लाख रुपए तक के कैशलेस उपचार की सुविधा है। वही 5 लाख दुर्घटना बीमा का लाभ भी मिलता है। डॉ मीणा ने बताया कि चिरंजीवी योजना के तहत सामान्य बीमारियों से लेकर हार्ट स्टंट, बायपास सर्जरी, कैंसर और डायलिसिस जैसी गम्भीर बीमारियों का इलाज भी निशुल्क है। आमजन के लिए किडनी, हार्ट, लिवर, बोन मैरो ट्रांसप्लांट के पैकेज भी शामिल किए गए है।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ महबूब खान ने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का 29 अगस्त से उद्घाटन के साथ ही प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इसलिए संबंधित बीसीएमओ को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देष दिये गये थे कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का प्रचार-प्रसार करने के साथ मॉनीटरिंग करे। उन्होने बताया कि एकत्रित जनसमूह को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की जानकारी , कोरोना वायरस से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा बाहर निकल कर आएगी : एसडीएम राजवीर सिंह

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा क्षेत्र के विद्यालयों में राजीव गांधी ओलंपिक खेल का आयोजन किया गया। जिसके तहत विधायक इन्द्राज गुर्जर ने ग्राम पंचायत बडनगर में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का उद्धघाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित ओलंपिक में 800 मीटर रेस में गोल्ड मैडल विजेता गाँव निवासी श्रीराम सिंह शेखावत ने की। विधायक ने विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाडियों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम मे राजवीर यादव उपखण्ड अधिकारी, सीबीओ एमडी यादव, महेश बैराठी पंचायत समिति सदस्य, उमराव यादव, दुलीचन्द, महेन्द्र खजोतिया, सुदामा यादव, हेमन्त

■ राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

कुलदीप, कैलाश ठुकरान, अशोक कुलदीप विशिष्ट अतिथि रहे। वही पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत लाडाकाबास के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का आयोजन पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य व पूर्व सरपंच मदन यादव की अध्यक्षता एवं बीसीएमएचओ ब्लॉक विराट नगर सुनील मीणा, महेश यादव हनुमान दास, मूलचंद खोजा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस दौरान पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने कहाँ कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों के आयोजनों से गांव में छिपी हुई प्रतिभा निकल कर सामने आएगी और बच्चों का शारीरिक विकास भी होगा ऐसे खेल और प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए जिससे बच्चों के शारीरिक विकास को गति मिले और बच्चे नशे की ओर ना बढकर खेलों की ओर रुझान बढे। इसमें आसपास की बहुत सारी टीमों ने भाग लिया छोटे और बडे बच्चों ने अपने खेल की प्रतिभा दिखाई। इस दौरान लाडाकाबास पीईईओ प्रभाती लाल यादव व फतेहपुरा खुर्द प्रधानाचार्या निशा फलस्वाल ने आगंतुक अतिथियो का स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# पति ने पत्नी के हाथ-पैर बांधे, प्राइवेट पार्ट पर मारे चाकू

**अलवर,(निसं)।** पत्नी से झगडे के बाद पति इतना गुस्से में आ गया कि उसके हाथ-पैर बांध चाकू से हमला कर दिया। एक के बाद एक पेट व गर्दन पर 10 वार किए। इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। इस हमले के बाद वह बुरी तरह से घायल हो गई। मामला अलवर सदर थाना क्षेत्र के चिकानी के पास नाहरपुर गांव का है।

घटना सुबह 4 बजे की है। पुलिस के अनुसार नाहरपुर गांव निवासी दीपिका की शादी 13 साल पहले रतन से हुई थी। दोनों के एक 8 साल का बेटा और 12 साल की बेटी है। बताया जा रहा है कि रतन शराब का आदि था। इसको लेकर उसकी पत्नी दीपिका कई बार टोक चुकी थी। रविवार रात भी इसी बात को लेकर झगडा हुआ। तडते 4 बजे दीपिका अपने बच्चों के साथ गहरी नींद में सो रही थी। इसी दौरान रतन आया और पत्नी के हाथ-पैर पलंग से बांध दिए। इसके बाद उसने पेट व गर्दन पर चाकू से हमला करने लगा। इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर भी कई बार हमला किया। इस हमले में वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। अभी उसका अलवर के डिस्ट्रीक्ट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

हमले के दौरान दीपिका चिल्लाने लगी। तभी पास सो रही 12 साल की बेटी आवाज सुनकर जागी। मां पर हमला होते देख वह घर से भागी और करीब 200 मीटर दूर ही मामा के घर पहुंची। मामा को घटना के बारे में बताया तो वे मौके पर पहुंचे। यहां वह खून से सनी हुई थी। इस पर परिजन उसे अलवर हॉस्पिटल में ले गए। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि महिला की गर्दन, पेट व प्राइवेट पार्ट के आसपास चाकू लगे हुए थे। आंते दो जगह से फट गई है। करीब 90 पर्सेंट से अधिक खून बह चुका है। अब तक 5 यूनिट खून चढाया जा चुका है। डिस्ट्रीक्ट हॉस्पिटल में डॉ. योगेश उपाध्याय, डॉ. मनमोहन, डॉ रविंद्र, तेजेंद्र मलिक, नरेश यादव, प्रवीण शर्मा, मुकेश व मनीषा सहित अन्य स्टाफ ने ऑपरेशन किया है। महिला के भाई ने बताया कि रात को करीब साढे 4 बजे दीपिका को बेहद गंभीर हालत में अस्पताल लेकर आए। इस घटना के बाद से पति फरार चल रहा है।

# खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है : हरचंद चौधरी

**फागी, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र की कुडली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को ग्राम पंचायत स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय समाजसेवी हरचंद चौधरी थे। समारोह में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी चौधरी ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है।

स्थानीय सरपंच सावित्री देवी बैरवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है। इस लिए हारने वाले खिलाडियों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आगामी आयोजित होने वाली तैयारी में जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम

■ आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी में कुडली की टीम विजेता रही

में विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास अधिकारी मुकलेश खटीक, प्रिंसीपल सुमित्रा चौधरी, पूर्व सरपंच रामकरण जांगिड, रामफूल गुर्जर समाजसेवी, उद्वालाल बैरवा, कानाराम बैरवा, रामस्वरूप भील बिरधी चंद गुर्जर, ओमप्रकाश मीना देशराज, जीतराम भददा, स्कूल स्टॉफ, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग हनुमान मीणा, ग्राम पंचायत के समस्त कर्मचारी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी में कुडली की टीम विजेता रही।

# सद्भावपूर्ण वातावरण में खेल आयोजित होने चाहिए : बलबीर सिंह छिल्लर

**अलवर, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर प्रदेश भर में खेल दिवस के अवसर पर राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का जिले की हर ग्राम पंचायत में उत्साह के साथ आगाज हुआ। इंदिरा गांधी स्टेडियम में ग्राम पंचायत महुआ खुर्द व उमरैण के खेलों का शुभारम्भ जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर व जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ध्वजारोहण कर किया।

खिलाडियों ने मार्च पास्ट कर ध्वज को सलामी दी। खिलाडियों को खेल भावना की शपथ महुआ खुर्द स्कूल की व्याख्याता संगीता यादव ने दिलाई। जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने विधिवत घोषणा कर दोनों ग्राम पंचायतों के खेलों का शुभारम्भ कर अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक हर आयुवर्ग के व्यक्तियों की सहभागिता से खेलों का एक वातावरण बनेगा। उन्होंने कहा कि इन खेलों के आयोजन के पीछे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का यह संदेश है कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराकर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाडियों को आगे बढाने के लिए निरन्तर सकारात्मक प्रयास कर रही है जिसके तहत खिलाडियों को बढे पदों पर सीधी नियुक्ति दी जा रही है एवं खिलाडियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान किया गया है। खेल सुविधाओं में निरन्तर इजाफा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल भावना के साथ सद्भावपूर्ण वातावरण में यह खेल आयोजित होने चाहिए।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों के लिए माहौल तैयार करने और खिलाडियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे खेलों के प्रति जज्बा वापस आ सकेगा। इन खेलों में उम्र का बंधन नहीं रखा गया है जिसके

■ राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल का उत्साह के साथ आगाज

कारण सभी आयुवर्ग के व्यक्ति एक साथ उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल सम्पूर्ण जिले में 5 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें 6 खेल कबड्डी, शूटिंगबॉल, बॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो एवं टेनिस बॉल क्रिकेट में करीब 1 लाख 83 हजार खिलाडी 13 हजार से अधिक टीमें इन खेलों में भाग ले रही है। इन खेलों के दौरान खेलों के अच्छे फोटो, अच्छे विडियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कला जत्थाओं को, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अच्छे फोटो एवं बडे दृश्य को दर्शाने वाले फोटो की एक ओपन प्रतियोगिता रहेगी जिसका लिंक शेयर किया जाएगा। इन पांचों श्रेणियों के विजेताओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।


खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ महुआ खुर्द स्कूल की व्याख्याता संगीता यादव ने दिलाई।

## सार-समाचार

### ग्रामीण ओलंपिक खेल शुरू



**गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ कस्बे की नवसृजित पंचायत समिति के अंतर्गत ब्लाक रामबास के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का विधिवत शुभारम्भ हुआ। मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व विधायक जुबेर खान ने फीता काटकर इन खेलों का उद्‌घाटन किया। सरस्वती माता के मन्दिर में पूजा अर्चना की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज बाली ने मंच पर आगन्तुकों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीण ओलम्पिक खेलो में कबड्डी, खोखो, बैडमिंटन, टेबिलटेनिस, हाकी सहित अनेक खेलों की टीम बनाई गई। टीम के खिलाडियों ने अपने खिलाडियों के साथ मार्च पास्ट किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ने खेल ध्वज को फहराकर खेलो का विधिवत शुभारम्भ किया गया। जुबेर खान ने कबड्डी के मैदान में पहुंचकर खेल शुरू करवाया। पंचायत समिति के ब्लाक में खेल मैदान नही होने तथा कई जगहों पर शारिरिक शिक्षक नहीं होने से खेलो में जागरूकता की कमी आई है। ऐसे में बिना नियम जाने ही खेलो को खेलना पड रहा है। इस मौके पर पंचायत समिति के प्रधान रसनम गोपाल चौधरी, उप प्रधान कृष्ण कांत जैन, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अजय मेठी,उपखण्ड अधिकारी रेखामीणा, तहसीलदार विनोद मीणा, विकास अधिकारी बच्चू मीणा, ब्लाक शिक्षा अधिकारी विश्व जीत सिंह, अकबर खान सहित सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सदस्यता अभियान की तिथि 30 सितंबर

**कोटपूतली, (निसं)।** भगवान श्री परशुराम मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण समाज कोटपूतली के निर्वाचक मण्डल की बैठक मुख्य चुनाव अधिकारी हरिशंकर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कोटपूतली नगर का सदस्यता अभियान जो पूर्व में 31 अगस्त तक चलना था वह कोटपूतली की वर्तमान परिस्थितियों व सदस्यता अभियान के व्यापक प्रसार के अभाव को देखते हुए कोटपूतली नगर में सदस्यता अभियान की तिथि 30 सितम्बर तक सर्वसम्मति से बढाई गई है। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि जो भी विप्रबंधु 31 अगस्त तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है वह सदस्यता अभियान से जुडने के अधिकारी होगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने बताया कि 30 सितम्बर के बाद नगर हेतु ना तो किसी का सदस्यता फॉर्म भरा जावेगा एवं ना ही सदस्यता पंजिका जमा की जा सकेगी। 30 सितम्बर के बाद यदि कोई पंजिका जमा होती है तो उस पंजिका के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जावेगा। बैठक में चुनाव अधिकारी श्यामसुन्दर पालीवाल, नरेश शर्मा, सुभाष शर्मा पीओ, बृजभूषण कौशिक पीओ, शिवप्रकाश शर्मा, शिवकुमार शर्मा धंवाली, ओमप्रकाश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, सत्यनारायण भोमिया, अनिल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन

**टोंक, (निसं)।** जिले के दत्तवास थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत ललवाडी के गांव घांसी की ढाणी में एक समुदाय के लोगों के साथ मारपीट, छेडछाड व सामान तोडफोड करने एवं मोटरसाईकिल जला देने के मामले में पीडितो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की है। जमाज पुत्र खुदाबख्श, कमरुद्दीन पुत्र राजुद्दीन, इशाक पुत्र इनायत करीम, इरशाद पुत्र हसना, अय्युब पुत्र अलाद्दीन निवासीयान ग्राम घांसी की ढाणी ललवाडी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि 10 अगस्त को दूसरे समुदाय के लोगों ने उनके घरों में घुसकर मारपीट कर सारा सामान तोडफोड दिया ओर महिला से छेडछाड की। घरो में से लूटपाट भी की। शोनू व दरगाही की मोटरसाईकिल को आग लगा दी। उनके समुदाय को डराकर गांव छोड चलने जाने को धमकाया। जिससे काफी नुकसान हुआ, जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। हम सब मजदूर गरीब पेशा परिवार है, जिनका नुकसान हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से अधिक से अधिक सहायता राशि दिलाई जाएं।

### गौवंश बचाने के लिए ज्ञापन दिया

**अलवर, (निसं)।** भाजपा किसान मार्चो अलवर (दक्षिण) के जिलाध्यक्ष गोरधन सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में राज्यपाल महोदय राजस्थान के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर अखिलेश पीपल को ज्ञापन सौपा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ज्ञापन में राजस्थान प्रदेश का गौवंश पिछले 3 माह से लम्पी नामक रोग से ग्रसित है और राजस्थान सरकार को बार-बार चेताने के बावजूद भी इस गौवंश में फैली इस गम्भीर बीमारी को गम्भीरता से नहीं लिया जिसके कारण हजारों गौवंश काल कल्वित हो गई है। किसान खेती के बाद पशुधन पर ही निर्भर रहता है और उनके पशुओं की इस बीमारी से मृत्यु होने पर उनकी आर्थिक रूप से कमर तोडने का कार्य कर रही है। परन्तु किसान बेबस है क्योंकि पंचायत ब्लॉक स्तर पर पशुधन सहायकों के पद खाली पडे है जिसके कारण इलाज समय पर नहीं मिल रहा है। पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सक नहीं है और ना ही पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त दवाओं का स्टॉक है और ना ही पूर्ण रूप से सरकारी मदद मिल रही है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल महोदय से निवेदन किया कि राज्य सरकार को निर्देशित करें ताकि गौवंश को बचाने के साथ किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

### लाईटों को शीघ्र ठीक कराने की मांग

**निवाई, (निसं)।** गुंसी पुलिया पर लगी रोड लाइट चार दिन से बंद पडी है जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीण मुकेश चंद, सांवरमल, नाथूलाल, कृष्ण कुमार, लालाराम, शिवजी लाल, भरत लााल, हनुमान, सुरेश, राजू लाल, सुनील सहित अन्य ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गांव गुंसी में पुलिया पर लगी रोड लाइट 4 दिन से बंद पडी है जिसके चलते पुलिया के दोनों ओर अंधेरा छाया रहता है। अंधेरा छाया रहने से पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिया पर बनी सर्विस लाइन पर पशुओं के झुंड बैठे रहते हैं जो अंधेरे में राहगीरों को दिखाई नहीं देते हैं जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं । उन्होंने यह भी बताया कि गांव का मुख्य कुआं गांव के विपरीत दिशा में है। अंधेरा होने के बाद महिलाएं कुंए से पानी नहीं ले जा पाती हैं। ग्रामीणों ने सडक निर्माता कंपनी से लाईटों को शीघ्र ठीक करवाने की मांग की है।

### महाविद्यालय में खेल दिवस मनाया


**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। खेल सचिव वीरेंद्र यादव व खेल प्रभारी सुशीला देवी ने बताया कि महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के सैनी, एन.सी.सी. (ए.एन.ओ), विजेंद्र पूनिया ने विश्व के महान खिलाडी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाने के महत्व के बारे में विस्तार बताते हुये कहा कि की मेजर ध्यानचंद भारतीय फील्ड हॉकी के कप्तान थे। इस अवसर पर व्याख्याता मनीष अठावाल, प्रमोद वर्मा, योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, राकेश शर्मा, मांगीलाल कुमावत, शिल्पी, कैलाश कुमार, नीलम, धर्मपाल सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### पशु चिकित्सा एवं पशुधन सहायक सामूहिक आवकाश पर

**फुलेरा, (निसं)।** राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के आव्हान पर 11 सूत्री मांगों को सरकार द्वारा नहीं मांगे जाने पर नोडल फुलेरा क्षेत्र में स्थित पशु चिकित्सा सहायक एवं पशुधन सहायक अनिश्चित हड़ताल पर चले गए हैं। संघ के द्वारा लम्पी रोग से ग्रसित गौवंश को उचित इलाज नहीं मिलने पर पशु पालकों से माफीनामा भी मांगा गया है। सरकार द्वारा मुख्य सचिव स्तर पर संघ का हुआ समझौता निर्धारित समय में नहीं मानने पर मजबूरन यह कदम उठाया गया है। वहीं सरकार से अपनी न्याय उचित मांगे मनवाने के लिए सभी गौ सेवकों एवं जनप्रतिनिधियों से समर्थन की अपील की है गई। ताकि लम्पी रोग से गौ माता को बचाया जा सके।

### सड़क दुर्घटना में दो गंभीर घायल

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम पुतली के समीप शर्मा पवित्र भोजनालय के पास एक महिला व पुरूष एक्सीडेंट हो गये। पुलिस के अनुसार मनीषा पत्नी धर्मेन्द्र रोहिला निवासी सूरजमल विहार, नई दिल्ली व अभिषेक पुत्र हरिसिंह वर्मा निवासी कैलाश नगर, झोटवाडा जयपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें जयपुर रैफर किया गया।



मैं हर भारतीय से अपील करता हूं कि वह खेले, आप हमेशा सक्रिय रहे और स्वस्थ रहे। आइये भारत को एक महान खेल राष्ट्र बनाये।
- नीरज चोपड़ा

भारतीय एथलीट, खेल दिवस पर देशवासियों से अपील करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नसीम साह



पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज के जज्बे को पूरी दुनिया सलाम कर रही है। क्रैम्प के दर्द से परेशान नसीम ने अपने कोटे का आखिरी ओवर कितने दर्द में फेंका, ये तो पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन इसके बाद जब वह मैदान से लौटे, तो किस तरह रोते हुए लौटे, यह बहुत कम लोग देख पाए। नसीम ड्रेसिंग रूम तक रोते हुए गए थे और इस बीच उन्हें जब पानी दिया गया, तो वह पानी तक लेने से मना करते नजर आए। डीबीटीवी स्पोर्ट्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से यह वीडियो क्लिप शेयर की गई है।नसीम मैदान से जब लौट रहे थे, तब हाथ से मुंह ढके हुए दिखे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## नेमार के गोल से पीएसजी ने मोनाको के खिलाफ खेला ड्रॉ

पेरिस, 29 अगस्त। नेमार जूनियर ने पहले पेनल्टी हासिल की और फिर उसे गोल में बदला जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के एक मैच में अधिकतर समय पिछड़ने के बावजूद मोनाको से 1-1 से ड्रॉ खेला। नेमार ने रविवार को खेले गए इस मैच में लियोनेल मेसी के पास पर मोनाको के डिफेंडर गुलेर्मो मरिपन की गलती से पेनल्टी हासिल की। रेफरी ने पहले पेनल्टी नहीं दी थी लेकिन वीडियो रिव्यूके बाद उन्होंने पीएसजी को पेनल्टी दे दी जिसे गोल में बदलने में नेमार ने कोई गलती नहीं की।नेमार का यह फ्रांसीसी लीग में छठा गोल और कुल मिलाकर पिछले पांच मैचों में आठवां गोल है। पीएसजी के अब 10 अंक हो गए हैं और वह अपने चिर प्रतिद्वंदी मार्सेली और लेंस से गोल अंतर में आगे हैं। मोनाको का भाग्य ने साथ नहीं दिया तथा 20वें मिनट में गोल करने के बावजूद उसे अंक बांटने पड़े।

## फ्रेंड्स यूनाइटेड और रेंजर्स का उलटफेर

नयी दिल्ली, 29 अगस्त। फ्रेंड्स यूनाइटेड ने कप्तान अजय सिंह की शानदार तिकड़ी की मदद से सोमवार को प्रीमियर लीग में बड़ा उलटफेर करते हुए सुदेवा दिल्ली एफसी को 4-2 से परास्त किया। फ्रेंड्स यूनाइटेड के मैन ऑफ द मैच अजय ने सुदेवा के युवा रक्षकों को सहजता से छकाते हुए बेहतरीन गोल किए। एक गोल नितिन शर्मा के नाम रहा। सुदेवा के गोल रोशन और बासित ने बांटे। दिन के दूसरे मुकाबले में, रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने एक और उलटफेर में गढ़वाल एफसी को 2-0 से मात दी। रेंजर्स की ओर से अमित कुमार और माइकल लकी ने गोल जमाए। गढ़वाल ने मध्यांतर के बाद कई आसान मौके गंवाए। गोलकीपर तुषार चोपड़ा ने आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव कर मैन ऑफ द मैच का खिताब पाया।

## हॉकी इंडिया के नये संविधान मसौदे से संतुष्ट एफआईएच ने कहा, विश्व कप ड्रॉ पर खतरा नहीं

